सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
27.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 78 | 06 एक देश, एक चुनाव... राष्ट्रीय हित में सार्थक पहल



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



अबुआ
आभार
हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में
चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत
चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PRNO 337283 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जामताड़ा के कुंडहित में कहा-

# झारखंड में खिलेगा कमल, भ्रष्ट सरकार का अंत निकट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/जामताड़ा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि झारखंड में खिलेगा कमल, भ्रष्ट सरकार का अंत निकट है। श्री धामी गुरूवार को जामताड़ा के कुंडहित में परिवर्त्तन यात्रा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं बाबा केदार की भूमि से बाबा बैद्यनाथ की पवित्र भूमि पर उपस्थित होकर गर्व महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपार संपदा है। यह धरती उस पहचान के लिये जानी जाती है कि जब देश में आजादी की शुरूआत भी नहीं हुई थी, तब यहां के आदिवासी समाज ने सबसे पहले आवाज उठाई थी। संथाल आदिवासियों की बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी ने झारखंड में अनेक विकास कार्य किये हैं। इनका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है। जामताड़ा के नाला क्षेत्र में अनेकों सड़कों का निर्माण हुआ है। किसानों को 154 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण करने वाले, भाई-



भतीजावाद को बढ़ावा देने वाले और भ्रष्टाचार में लिप्त गठबंधन सरकार झारखंड में चल रही है। घुसपैठियों के कारण आदिवासी बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है। यह सरकार साजिशें रचकर

- घुसपैठियों को समर्थन देने वाली सरकार को उखाड़ फेकें
- आदिवासी युवाओं को धोखा देने वालों को जनता सिखायेगी सबक
- झारखंड में बनायें भाजपा की डबल इंजन सरकार

आदिवासी समाज के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह सरकार जेल में रहकर आई है और अब भी जमानत पर है। भाजपा की सरकार आने पर ये सारी रिक्तियां भरी जायेंगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल में सिर्फ अपनी तिजोरी भरने और भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया है। पूरा परिवार घोटालों में लिप्त रहा है। यह सरकार रांची में दुर्गा पूजा के पंडालों को लगाने से रोकने की साजिश कर रही है। इसलिये, ऐसी सरकार को बदलना जरूरी है। झारखंड में परिवर्तन आवश्यक है।

### भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारी बदले

रांची। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर पलामू के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्ॅिम सिंहभूम चाईबासा अनिमेष रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खुरी महुआ गिरिडीह के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### अनुकंपा के आधार पर 19 लोगों की नियुक्ति को स्वीकृति

रांची। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित बैठक हुई। इस बैठक में सामान्य व चौकीदार के आश्रितों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। वहीं अमीन संवर्ग को प्रोन्नति की सहमति प्रदान की गयी। जिला अनुकंपा समिति ने 19 प्रस्तावों में नियुक्ति की स्वीकृति दी। इसमें उग्रवादी घटना में मृत आश्रितों में कुल पांच और जिला अनुकंपा

## झाप्रसे के एक दर्जन अधिकारी बदले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के एक दर्जन पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। विगत 20 और 21 सितंबर को हुए कई तबादला आदेश में संशोधन करते हुए यह आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। मिथिलेश कुमार चौधरी को अगले आदेश तक परिवहन विभाग रांची में सेवा सौंपी गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी साहिबगंज विष्णु देव कच्छप को अगले आदेश तक भूमि सुधार उपसमाहर्ता गोड्डा के पद पर पद स्थापित किया गया है। एसडीओ चांडिल शुभ्रा रानी को अगले आदेश तक उपनिदेशक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में पदस्थापित किया गया है। उपसचिव वाणिज्यकर विभाग राहुल जी आनंद जी को अधिसूचना 20 सितंबर के द्वारा नगर आयुक्त आदित्य नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया गया था उक्त आदेश को विलोपित कर दिया गया है। ऐसे में रवि प्रकाश अपर नगर आयुक्त आदित्य नगर निगम के पद पर यथावत बने रहेंगे। वहीं उपसचिव वाणिज्यकर विभाग राहुल जी आनंद जी को अगले आदेश तक विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। इनके अलावा उपनगर आयुक्त रांची नगर निगम के पद पर अनवर हुसैन जिन्हे पूर्व के आदेश से विशिष्ट अनुभाजन अधिकारी जमशेदपुर बनाया गया था, उसे विलोपित करते हुए अगले आदेश तक उपसचिव नगर विकास एवं आवास विभाग रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। सचिव क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकार रांची संजीव कुमार, जिन्हें कार्मिक विभाग में योगदान करने को कहा गया था को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उपनिदेशक कल्याण रांची प्रमंडल रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। भूमि सुधार उपसमाहर्ता जगन्नाथपुर के पद पर पदस्थापित संजीव कुमार को अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया गया है। भूमि सुधार उप समर्थक खूरी महुआ संदीप अनुराग टोपनो को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चाईबासा के पद पर स्थापित किया गया। जयंत कुमार तिवारी को अगले आदेश तक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी उधवा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### चुनाव से पूर्व झारखंड में बड़े पैमाने पर तबादला

# 40 डीएसपी स्तर के 40 अफसर बदले गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हुआ है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक साथ 40 डीएसपी स्तर पर पुलिस अफसरों का तबादला कर दिया है। तबादले से संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है।




**तबादले की सूची, कौन कहां गये**

अशोक कुमार राम - डीएसपी बेड़ो ,रांची, नीरज - डीएसपी खलारी ,रांची, राजेश कुमार - डीएसपी झारखंड एटीएस ,रांची, किशोर कुमार रजक - डीएसपी ,एसीबी रांची, मनोज ठाकुर - डीएसपी ,सीसीआर ,जमशेदपुर, सुनील कुमार चौधरी - डीएसपी सिटी , जमशेदपुर, पवन कुमार 2 - एसडीपीओ बड़कागांव ,हजारीबाग, अमित कुमार - वरीय डीएसपी ,मुख्यालय ,हजारीबाग, पवन कुमार 1- डीएसपी ,पतरातू ,रामगढ़, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता- डीएसपी मुख्यालय ,रामगढ़, समीर कुमार सवैया - एसडीपीओ ,सरायकेला, संतोष कुमार - एसडीपीओ पाकुड़, जय श्री कुजूर - डीएसपी ,मुख्यालय पाकुड़, विद्याशंकर - डीएसपी यातायात ,बोकारो, नवीन कुमार सिंह - एसडीपीओ ,बाघमारा ,धनबाद, धीरेंद्र कुमार बंका - डीएसपी 2 मुख्यालय ,धनबाद , शकील अहमद शम्स - डीएसपी वन मुख्यालय ,धनबाद, जीत वाहन उरांव - एसडीपीओ ,गिरिडीह सदर, राजेन्द्र प्रसाद - डीएसपी ,खोरी महुआ ,गिरिडीह, सतेंद्र प्रसाद - एसडीपीओ मधुपुर ,देवघर, अशोक कुमार सिंह - एसडीपीओ ,देवघर, अमित कुमार कच्छप - एसडीपीओ ,जरमुंडी, प्रदीप कुमार - एसडीपीओ ,सिमरिया, अमिता लकड़ा - एसडीपीओ ,मुख्यालय ,चतरा, अवध यादव - डीएसपी ,छतरपुर ,पलामू, आलोक कुमार टूटी - एसडीपीओ विश्रामपुर ,पलामू, शिवपूजन बहेलिया - एसडीपीओ महुवाटांड ,लातेहार, भरत राम - एसडीपीओ बरवाडीह ,लातेहार, बैजू उरांव - एसडीपीओ ,सिमडेगा, राफेल मुर्मू - एसडीपीओ जगगनाथपुर ,पश्चिम सिंहभूम, नलिन कुमार मरांडी - डीएसपी ,चक्रधरपुर, बहमन टूटी - एसडीपीओ सदर ,चाईबासा, राजेश सिन्हा - डीएसपी ,एसाईआरबी वन ,दुमका, अनिल कुमार सिंह - एसडीपीओ कोडरमा, विनोद रवानी - डीएसपी ,सिल्ली ,रांची, नितिन खंडेलवाल- एसडीपीओ ,बड़हरवा ,साहेबगंज, नीरज कुमार सिंह - डीएसपी ,मुख्यालय वन ,गिरिडीह, अशोक रविदास - एसडीपीओ गोड्डा एवं अजीत विमल, डीएसपी, बरही, हजारीबाग।

### खबरें हाईकोर्ट की



## जज उत्तम आनंद की हत्या के मामले में सुनवाई 21 अक्तूबर को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के जज उत्तम आनंद की हत्या के मामले में सीबीआई जांच पर हाईकोर्ट में सुनवाई 21 अक्तूबर को होगी। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अदालत से इस मामले की अलग से सुनवाई करने का आग्रह किया गया। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए विस्तृत सुनवाई के लिए 21 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तम आनंद की मौत 28 जुलाई 2021 को एक ऑटो के टक्कर से हो गयी थी। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले में फाइनल फॉर्म जमा कर दिया गया है। आरोपी को सजा हो गयी है। फाइनल फॉर्म कोर्ट के रिकॉर्ड में लाया जाएगा। सीबीआई की ओर से बताया गया कि जिला अदालतों की सुरक्षा को लेकर कई याचिकाएं एक साथ सूचीबद्ध हैं। जज उत्तम आनंद की मौत के मामले को भी इसी याचिकाओं को साथ सूचीबद्ध किया गया है। इस मामले की अलग से सुनवाई की जानी चाहिए। इसके बाद कोर्ट ने अदालतों की सुरक्षा से जुड़े मामले की सुनवाई नवंबर में निर्धारित की।

### अदालतों की सुरक्षा से जुड़े मामले की सुनवाई नवंबर में

### कोर्ट में महानिदेशक बोले

## होमगार्ड के जवानों के एरियर का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड के जवानों को वर्ष 2017 से एरियर देने के मामले में वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। वित्त विभाग के पास अभी मामला लंबित है। यह जानकारी गुरुवार को होमगार्ड के महानिदेशक ने शपथपत्र दाखिल कर अदालत को दी है। झारखंड हाईकोर्ट ने होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन का लाभ हाईकोर्ट के आदेश की तिथि से देने का निर्देश दिया है। होमगार्ड जवानों की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह निर्देश दिया था और चार सप्ताह में आदेश का पालन करने को कहा था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 10 अगस्त 2024 को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। जबकि, हाईकोर्ट ने जिस तिथि से आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है।

बता दें कि होमगार्ड के जवानों ने समान काम के लिए समान वेतन देने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने इसका आदेश दिया था। इसके बाद सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ और सुप्रीम कोर्ट तक इस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के एकलपीठ के आदेश को सही बताया था और समान काम के बदले समान वेतन देने का निर्देश दिया था।

## इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उनके पद से हटाए जाने पर रोक लगा दी है। दरअसल राज्य के सभी जिलो में इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों इस पद पर राज्य के सभी जिलो में आउटसोर्स के जरिए नियुक्ति की तैयारी शुरू की गई थी। जिसके खिलाफ साकिब सलाम एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट का रूख किया गया। प्रार्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि किसी भी इ डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को न हटाया जाए। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने बहस की। सरकार को इस मामले में चार सप्ताह में जवाब दाखिल करना है।


**KARAMCHAND BHAGAT COLLEGE**
**Ranchi Road - Bero, Ranchi, Jharkhand**

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two bid system are invited from the reputed firms for supply of Books in College Library. The interested firms will quote percentage of discount to be given on the Book price. The B.O.Q. may be obtained from the college office on working days from **28.09.2024** to **04.10.2024** between **11:30 A.M** to **2:30 P.M** after payment of Rs. 2500/- (non-refundable) in Cash / Demand Draft in favour of the **"Principal, KCB College, Bero"** payable at **Ranchi**.

Last date of submission of tender is **04.10. 2024** till **4.00 P.M.** Tender will be opened the next day i.e. on **05.10.2024** at **1:00 P.M** in the Principal's Chamber. The undersigned reserves the right to accept or reject any of all tenders without assigning any reason. Details of all the other terms and conditions may be obtained from the Principal's chamber.

Date : 25.09.2024

**Sd/- Principal**
KCB College, Bero


# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। निर्वाचन सदन में लोकसभा निर्वाचन संबंधी मामलों एवं आगामी विधानसभा चुनाव(झारखंड) की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को



पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनि्ित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आयी शिकायतों को संज्ञान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां सुनि्ित करें।

**जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी :** आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनि्ित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य लें कि उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में एक भी गलत विलोपन न हुआ हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी करें। सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग सुनि्ित करें। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, ओ एस डी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट ने जेएसएससी और सरकार को चार्ट के माध्यम से कोटिवार विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का दिया निर्देश

# कितनों की और कब हुई है नियुक्ति पर भी मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएसी) स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के स्टेट मेरिट लिस्ट पर प्रार्थियों की आपत्ति पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाईकोर्ट ने जेएसएससी और राज्य सरकार को चार्ट के माध्यम से ही राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के आधार पर कोटिवार और विषयवार कट ऑफ मार्क्स देने का निर्देश दिया है।

साथ ही कोर्ट ने इनसे पूछा है कि कितने सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है और यह कब हुई है। कोर्ट ने प्रार्थियों से भी अपने मार्क्स एवं कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में सूचित करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 24 अक्टूबर को होगी। इससे पहला राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएसी) की ओर से बताया कि जेएसएससी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। जिस पर प्रार्थियों की ओर से कहा गया कि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स वालों का भी चयन हो गया है। सरकार को बताना चाहिए कि कितने लोगों की नियुक्ति हुई है और यह नियुक्ति कब हुई है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार, राकेश रंजन ने पैरवी की।

दरअसल, मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से याचिकाएं दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होने चाहिए। क्योंकि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स उन्होंने लाया है, अगर हाई स्कूल शिक्षकों की रिक्तियां बची है तो उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।


**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय, सुश्री श्रुति सोरेन, सिविल जज, सिनियर डिविजन-VII, राँची
सिविल मिसलेनियस केस नं0 27/2016
मोबिन अहमद.................. आवेदक
बनाम
नाजिर अहमद खान वगैरह.................. विपक्षीगण

नोटिस बनाम विपक्षी संख्या-
17(ए) ऐनुल खान (स्व० सबिला खातुन के पति), 17 (बी). बाबुल खान पिता ऐनुल खान, 17 (सी), शबनम खातुन पिता ऐनुल खान सभी निवासी ग्राम सोसो थाना पिठौरिया जिला रॉची।
26 (ए) रेहान खातुन, 26 (बी), जब्बार खान, दोनों पुत्र सकीला खातुन, 26 (सी), शगुंफ्ता खातुन, 26 (डी). नाजिया खातुन, दोनों पुत्री सकीला खातुन, 28 (ए) नसरुल्ला खान, 28 (बी) नेजाम खान, 28 (सी). जुब्बैर खान, तीनो के पिता स्व० गुल खान, 28 (डी). गुडिया खातुन पिता स्व० गुल खान, 31 (ए). अकील खान, 31 (बी). आबिद खान, 31 (सी). याकीब खान, तीनो के पिता स्व० नसीम खान, 31 (डी), रफत खातुन, 31(इ). शिफत खातुन, दोनो के पिता स्व० नसीम खान,
क्रम संख्या 26 (ए) से 31 (इ) तक सभी निवासी सी०आइ०सी० बस्ती. बरकाकाना, थाना पतरातु जिला रामगढ़, (झारखण्ड)

बजरिये इस नोटिस के आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक के द्वारा दायर किया गया उक्त वाद. जिसे सुनवाई हेतु मंजूर कर लिया गया है, मेरे अदालत में लम्बित है। इस वाद में नजारत के द्वारा तथा निबंधित डाक के द्वारा आपलोगों को नोटिस जारी किया जा चुका है किन्तु आपलोग अबतक अदालत में उपस्थित नहीं हुए है। अतः आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 05 माह 10/2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद में समुचित कार्रवाई करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में वाद की सुनवाई आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद जाने।

आज दिनांक 25 माह 09/2024 इस्वी को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

आदेश से
सिविल जज, सिनियर डिविजन-VII
व्यवहार न्यायालय, राँची



**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/N1 23723
I, KAILASH SAHU son of LATE JAGHMOHAN SAHU, resident of BORIYA CHOWK Kanke, Ranchi PO/PS- Kanke, Dist Ranchi Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am an Indian National by birth.
2. That DURGESH SHANKAR is my son. He passout out class 10 th from ICSE Board 2023-24. Roll no. 8196679/067
3. That in the above said marksheet other certificate of class 10th my father's name wrongly mentioned as KAILSAH SAHU but his actual and correct name is KAILASH SAHU which is mentioned in his UID-8320 8050 8568.
4. That KAILSAH SAHU and KAILASH SAHU both names are of same and one person i e my father name.
5. That this affidavit is being sworn for the proof of my father name and rectification in certificate.

NOTARY PUBLIC Reg. No 13528/18


# त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराना निर्वाचन से जुड़े सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य : के रवि कुमार

### आगामी विस चुनाव को लेकर निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों का दो दिनी ट्रेनिंग कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को कहा कि सन्निकट विधानसभा चुनाव में त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराना निर्वाचन से जुड़े हम सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एएलएमटी के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक बिंदु पर आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त हैं स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन के लक्ष्य को आयोग के स्पष्ट दिशा निदेर्शों का अनुपालन कर प्राप्त किया जा सकता है। बताते चलें कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के विभिन्न बैचों में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण सत्र 26 से 29 सितंबर तक निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों के सिटिंग अरेंजमेंट, ईवीएम-वीवीपैट की जांच, चुनाव सामग्री की पैकिंग, एएसडी सूची, नए मतदाताओं को जोड़ने जैसे विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों में होने वाले मामूली त्रुटियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए इसे कैसे बचें इसपर बिंदुवार प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा मतदान दलों के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, मतदान दलों के लिए ईवीएम/वीवीपैट, मतदाता मतदान समय प्रबंधन, मतदान दिवस पर वेब-कास्टिंग, बीएलओ के मतदान की पूर्व संध्या और मतदान दिवस के कर्तव्य, स्वयंसेवकों के कर्तव्य, माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका और जिम्मेदारियां, सेक्टर अधिकारी के मतदान की पूर्व संध्या पर जिम्मेदारियां, सेक्टर अधिकारी का मतदान दिवस पर जिम्मेदारियां, सेक्टर अधिकारी द्वारा गलतियां, त्रुटियां और आईटी अनुप्रयोग, पोस्टल बैलेट, एफएसटी के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, एसएसटी के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, वीएसटी, वीवीटी और एटी की जिम्मेदारियां, ईवीएम सह सामग्री प्राप्ति केंद्र अधिकारी और कर्मचारियों के कर्तव्य, नियंत्रण कक्ष और मतदान दिवस निगरानी प्रणाली ऐप, फॉर्म भरना, सील करना और पैकिंग करना जैसे विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य निर्वाचन कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक गीता चौबे, महेंद्र कुमार, देव दास दत्ता, मृत्युंजय कुमार एवं सुनील कुमार सिंह वहीं जिला स्तरीय प्रशिक्षक सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी द्वारा पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

**राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एएलएमटी को दिया जा रहा चुनाव संबंधी प्रशिक्षण**

## पत्नी से जबरन संबंध बनाने वाला पति दोषी करार

**रांची।** पत्नी की इच्छा के विरूद्ध बार.बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने से जुड़े 9 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त रणधीर वर्मा को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 30 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त को दोषी पाये जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। मामले को लेकर पीड़िता ने कोतवाली थाना में अप्रैल 2015 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किया है। अभियुक्त के खिलाफ उसकी पत्नी ने साल 2016 में दहेज प्रताड़ना मामले में सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें भी अभियुक्त रणधीर वर्मा दोषी पाया गया है। कोर्ट 30 सितंबर को सजा सुनायेगी।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

27.09.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

आश्विन, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 78



12 अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### 2 को हजारीबाग आयेंगे पीएम मोदी, तैयारी शुरू

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी का 02 अक्टूबर को हजारीबाग में संभावित कार्यक्रम है। गांधी मैदान में होने वाले पीएम के कार्यक्रम को लेकर भाजपा संगठन मंत्री और सांसद ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

### जेएसएससी को अदालत का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट के अनुसार, सफल अभ्यर्थियों का कट ऑफ मार्क्स कोर्ट में जमा करें। इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थियों को यह निर्देश दिया कि वह अपना प्राप्त मार्क्स की जानकारी लेकर बताएं कि यह राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में उनका मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से नीचे है या ऊपर।

### 28 को पलामू आयेंगे नितिन गडकरी

**रांची।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 28 सितंबर को झारखंड दौरे पर रहेंगे। वे पलामू में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। पलामू में भाजपा की परिवर्तन यात्रा का 28 को मेदिनीनगर में समापन होना है। शिवाजी मैदान में नितिन गडकरी शनिवार को दोपहर 1 बजे वे जनसभा को संबोधित करेंगे।

### जितिया नहान में बिहार में 30 की डूबकर मौत

**पटना।** बिहार में लगातार हो रही बारिश की वजह से सभी नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में राज्य के अलग-अलग जिलों में जितिया पर्व पर नहाने के दौरान नदी में करीब 50 लोग डूब गये। इनमें से करीब 30 से अधिक बच्चे व महिलाओं की मौत हो गयी। औरंगाबाद में सबसे अधिक आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी है। वहीं कैमूर में सात, सारण, पटना व पूर्वी चंपारण में पांच-पांच, पश्चिमी चंपारण में 3 सहित अन्य जिलों में कई लोगों की डूबने से मौत हो गयी।

### जेएसएससी के आसपास 2 तक निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के 100 मीटर के एरिया में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची के द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा जारी की गयी है। ये निषेधाज्ञा 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

### जब जूनियर चैयिंनशिप में झारखंड टीम विजयी

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन झारखंड ने अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। इसके साथ ही दिल ली , उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं।

### मुख्यमंत्री ने राज्य के 1.76 लाख किसानों का 400 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया

# झारखंडी डरता नहीं, लड़ कर लेंगे हक : हेमंत

- किसानों की खुशहाली से ही राज्य बनेगा समृद्ध
- खेत और खलिहान ही उनका किसानों का बैंक व एटीएम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जिस तरह लड़कर झारखंड लिया, उसी तरह लड़कर अपना हक और अधिकार भी लेंगे। वह प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को आयोजित कृषि ऋण अदायगी समारोह में बोल रहे थे। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग किसानों को पूंजीपति के हाथ बेचने जा रहे थे, मगर किसान 1 साल आंदोलन करके तीन कृषि कानून को वापस कराया। इनके पास गरीबों को देने का पैसा नहीं है, मगर पूंजीपतियों का लोन माफ करने का पैसा है। सीएम ने कहा कि जब कोई किसी को जबदस्ती परेशान कोई करता है तो उसे गरीबों का हाय लगती है।

मुझे भी झूठ केस में जेल भेजने का काम किया। मगर मैं डरने वाला नहीं हूं। हर लड़ाई इनके खिलाफ लड़ूंगा। कुछ लोग अब वोट खरीदने झारखंड आ गये हैं। जेल, गोली, लाठी डंडा से झारखंडी डरने वाला नहीं है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसा, पाता नहीं आज 2 लाख कृषि लोन माफी को भी कोर्ट में पीआइएल दायर न कर दे।

**यह लोन माफी नहीं किसान सम्मान योजना है :** सीएम ने राज्य के 1,76,977 लाख किसानों के दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर उन्हें बड़ी सौगात दी। इन सभी किसानों के लगभग 400.66 करोड़ रुपये के कर्ज की अदायगी राज्य सरकार द्वारा की गयी। उन्होंने कहा, यह कृषि लोन माफी नहीं कृषि सम्मान योजना है। किसानों की खुशहाली से ही राज्य मजबूत बनेगा। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय ले रही है।

**किसान ही देश और राज्य की रीढ़**

सीएम ने कहा की किसान इस देश और राज्य की रीढ़ हैं। जब तक किसान आत्मनिर्भर नहीं बनेंगे, तब तक यह राज्य आगे नहीं बढ़ेगा। किसानों को अपनी ताकत पहचानने की जरूरत है। जिस तरह किसान खेतों में कड़ी मेहनत करते हैं, उसी तरह उन्हें अपने मान-सम्मान एवं हक-अधिकार की खातिर एकजुट होकर कदम बढ़ाना होगा। किसानों को परंपरागत खेती के साथ वैकल्पिक खेती के लिए भी आगे होगा। इसके लिए हमारी सरकार की ओर से बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, नीलांबर. पीतांबर जल समृद्धि योजना और दीदी बगिया योजना जैसी कई योजनायें संचालित है। हमने बुजुर्गों को पेंशन दिया है तो महिलाओं को सम्मान राशि दे रहे हैं। नौजवानों को रोजगार देने का सिलसिला बड़े पैमाने पर चल रहा है।

### एक रुपये में फसल बीमा

उन्होंने इस मौके पर कृषि विभाग के बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल का भी अनावरण किया। सीएम ने झारखंड के दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन के लिए प्रति लीटर दो रूपया प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 5 रूपया प्रति लीटर करने की योजना का भी शुभारंभ किया। फसल बीमा 1 रूपया में करने योजना का भी शुभारंभ किया। इससे 16 लाख किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबी और पूंजी के अभाव में कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में किसानों को राहत देने के मकसद से उनके दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। किसानों का खेत उनका बैंक है तो खलिहान एटीएम है। उन्होंने कहा कि तमाम खनिज और वन संसाधनों से धनी होने के बाद भी झारखंड एक पिछड़ा राज्य है।

### डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने पर एमओयू

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक तथा एनडीडीबी, आनंद, गुजरात के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस रघुपति के बीच 5 वर्षों के लिये एक एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, दीपिका पांडेय सिंह, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, केशव महतो कमलेश, राजेश ठाकुर, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, कृषि सचिवअबु बकर सिद्दीक, कृषि निदेशक ताराचंद, उद्यान निदेशक फैज अक अहमद, पशुपालन निदेशक किरण पासी एवं एनडीडीबी के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर रघुपति उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने दी झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक को मंजूरी

# सालाना 2000 करोड़ अतिरिक्त राजस्व मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को मंजूरी दे दी है। खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। राज्य विधानसभा ने मॉनसून सत्र में संबंधित विधेयक पारित किया था। इस विधेयक के तहत कोयला धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, बॉक्साइट धारित भूमि पर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन, मैंगनीज अयस्क धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन और अन्य खनिज धारित भूमि पर प्रति टन खनिज के प्रेषण पर दी गयी रॉयल्टी का 50 प्रतिशत सेस लगेगा। इससे झारखंड की आय में बड़ी वृद्धि होगी।

### जल्द ही केंद्र को भेजा जायेगा पत्र

विधेयक को राज्यपाल की स्वीकृति के बाद अब इस राशि की प्राप्ति के लिए भू-राजस्व व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखेगा। खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। खनिज भूमि से मिली सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सेवाओं पर खर्च की जायेगी। सेस से मिलने वाली राशि की वसूली खान विभाग करेगा। झारखंड सरकार का सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल पर विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपए बकाया है। इसकी वसूली अब अब आसान होगी।

### अभी लूट की सरकार है, मौका दें समृद्ध झारखंड देंगे

# जेएमएम का मतलब 'जमकर मलाई मारो' : राजनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां कहा कि बिहार से अलग कर पूर्व पीएम अटलजी ने जिस उद्देश्य से अलग झारखंड बनाया था, वह पूरा नहीं हो सका। झारखंड के विकास में तीन बाधाएं हैं, झामुमो, कांग्रेस और राजद। उन्होंने लोगों से अपील की भाजपा को मौका दें, हम झारखंड को समृद्ध राज्य बना कर आपको देंगे। यदि नहीं दिया तो हमें सबक सिखाइयेगा। श्री सिंह भाजपा की परिवर्तन यात्रा में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो। उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।

**घुसपैठियों को सबसे पहले भगायेंगे :** भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर धनबाद गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा में उन्होंने कहा, राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो सबसे पहले घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर का रास्ता दिखायेंगे। धर्मपरिवर्तन पर विराम लगाया जायेगा। राजनाथ ने कहा कि यदि देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' सिस्टम को लागू कर दिया जाए तो जनता की गाढ़ी कमाई के चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)

### अब त बदल के ही रहब : रविकिशन

वहीं बड़कागांव में भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हेमंत की सरकार, भ्रष्टाचार की पहचान बन गयी है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन सभा में मोदी जी का संदेश आप लोगों के लिये लेकर आया हूं। यह चिंतन का समय है। केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही योजनाएं हेमंत सरकार रोक रही है। राज्य की इस भ्रष्ट सरकार को जनता ने बदलने का मन बना लिया है। फिल्म स्टार ने कहा, जनता का अब यही कहना है----न कबह, न सहब अब त बदल के ही रहब। हेमंत सोरेन झूठ बोलकर सत्ता में आये और झूठ बोलकर सरकार चला रहे हैं। आज आदिवासी समाज की संख्या घट रही है। राज्य में घुसपैठियों को आश्रय दिया जा रहा है। धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है और हिंदू धर्म को टारगेट किया जा रहा है।

### श्रमिकों को तोहफा : केंद्र ने बढ़ाई

# न्यूनतम मजदूरी, नयी दरें एक से लागू

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरों में 1035 रुपये प्रतिदिन तक की बढ़ोतरी की घोषणा की। श्रम मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि इस समायोजन का उद्देश्य श्रमिकों को जीवन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। नयी मजदूरी दरें 1 अक्टूबर 2024 से लागू होंगी। अंतिम संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था। केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के अंतर्गत भवन-निर्माण, लोडिंग-अनलोडिंग, स्वीपिंग, क्लीनिंग, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। न्यूनतम मजदूरी दरों को अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और उच्च कुशल के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर ए, बी और सी श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

**श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी**

संशोधन के बाद भौगोलिक क्षेत्र-ए में निर्माण, झाड़ू लगाने, सफाई करने, लोडिंग और अनलोडिंग में लगे अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रति माह), अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रति माह) होगी। वहीं, कुशल श्रमिकों के लिए मजदूरी दर 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रति माह) और उच्च कुशल श्रमिकों के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रति माह) होगी। केंद्र सरकार औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई में छह महीने की औसत वृद्धि के आधार पर वर्ष में दो बार वीडीए में संशोधन करती है, जो एक अप्रैल और एक अक्टूबर से प्रभावी होता है।

### सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासक फैसला



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू हिंसा अधिनियम पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 हर महिला पर लागू होता है। महिला चाहे किसी भी धर्म की हो। शीर्ष अदालत ने भरण-पोषण और मुआवजा देने से संबंधित मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला द्वारा दायर अपील पर फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन. कोटिस्वर की खंडपीठ ने कहा कि 2005 में बना कानून हर महिला के अधिकार की रक्षा करता है।

### सरकार बनी तो हर महिला को हर माह 31 सौ : शिवराज



गुमला के सिसई में भाजपा के परिवर्तन संकल्प यात्रा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार की मंइयां सम्मान योजना महिलाओं का सम्मान नहीं अपमान है। राज्य में बलात्कार,महिला हिंसा,भय भूख भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत सोरेन की सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सीएम ने अबुआ अवास तो नाम रख दिया लेकिन किसी को घर नहीं मिला। वहीं हमारी सरकार बनी तो हम महिलाओ को हर महिना 31 सौ रुपये देंगे। अभी चुनाव का मौसम आया तो मंइया सम्मान योजना लाकर महिलाओं को एक एक हजार रुपया देने का काम किया है यह सम्मान नहीं बल्कि अपमान है। अभी महिलाओं को सरकार जो राशि दे रही, हमारी सरकार बनी तो हम उससे दोगुनी राशि देंगे। हमारी सरकार बनते ही झारखंड की महिलाओ को स्वयं सहायता समूह से जोड़ कर लखपति बनाने का काम करेंगे। अभी की सरकार सिर्फ राज्य के जनता को छलने का काम कर रही।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 94000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




### असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा पत्र, कहा

# असम में झारखंड मूल के आदिवासियों को एसटी का दर्जा दें

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को पत्र लिख कर असम के चाय बगानों में काम करने गये झारखंड के आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग की है। अपने पत्र में हेमंत सोरेन ने लिखा है कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में चाय-जनजातियों के अधिकांश आदिवासी जातीय समूहों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में मान्यता प्राप्त है। असम में चाय-जनजाति समूहों जिनकी जनसंख्या 70 लाख है, को एसटी के बजाय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा दिया है। इसकी वजह से चाय-जनजाति के लोग अनुसूचित जनजातियों को मिलने वाले सरकारी लाभों और सुरक्षा से वंचित रह जाते हैं। सीएम ने लिखा कि चाय-जनजाति समूह एसटी दर्जे के लिए मानदंड को पूरा करते हैं। उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक जीवन शैली और शोषण के प्रति संवेदनशीलता शामिल है। अतः उनको एसटी का दर्जा मिलना चाहिए।

**सरकारी लाभों से हैं वंचित :** सीएम हेमंत सोरेन ने हिमंता बिस्व सरमा को अपने पत्र में गिनवाया कि असम की चाय जनजातियां को एसटी का दर्जा नहीं देने पर किन महत्वपूर्ण सरकारी लाभों और अवसरों से वंचित रहना पड़ता है।

(शेष पेज 11 पर)

### अहम योगदान के बाद भी हाशिए पर

हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में लिखा, वह असम में चाय जनजातियों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उनमें से ज्यादातर झारखंड की मूल जनजातियां हैं। उनमें संथाली, कुरुख , मुंडा, ओरांव और अन्य शामिल हैं। इनके पूर्वज औपनिवेशिक शासन के दौरान चाय बागानों में काम करने के लिए पलायन कर गये थे। सीएम ने असम में चाय-जनजातियों की दुर्दशा पर गहरी चिंता जताते हुए लिखा कि असम की अर्थव्यवस्था और संस्कृति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद उन्हें हाशिए पर रखा गया है। उन्होंने असम के सीएम से मांग की कि असम की चाय जनजातियों को एसटी का दर्जा दिया जाये। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी की तुलना में एसटी को आरक्षण का प्रतिशत अधिक है। इससे चाय जनजातियों को सीमित सीटों और अवसरों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

### कोलकाता डाक्टर रेप-मर्डर कांड

# 13 वरीय डॉक्टरों के खिलाफ जांच के आदेश, रिपोर्ट तलब

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज के 13 सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ जांच के आदेश जारी किये गये हैं। अस्पताल प्रशासन ने इन डॉक्टरों पर धमकी संस्कृति (थ्रेट कल्चर')में शामिल होने के गंभीर आरोप लगाये हैं। अस्पताल के भीतर बने जांच कमेटी को इन डॉक्टरों के खिलाफ जांच करने का निर्देश दिया गया है और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के मामले के बाद से कॉलेज पर कई आरोप लगे हैं। इनमें कुछ डॉक्टरों द्वारा एक भय का माहौल बनाया जाने का दावा किया गया है। आरोप है कि सीनियर डॉक्टर और अन्य अधिकारियों ने जूनियर डॉक्टरों और छात्रों को धमकाया है। इस मामले में 50 से अधिक डॉक्टरों, हाउस-स्टाफ और इंटर्न के खिलाफ पहले ही जांच के आदेश दिए गए थे और जांच पूरी होने तक उन्हें अस्पताल में प्रवेश करने से रोका गया था। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने जांच कमेटी को एक पत्र भेजकर 13 डॉक्टरों के नामों का उल्लेख किया। पत्र में लिखा गया है कि जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों से इन सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों की जांच करने और संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

# चुनाव की घोषणा का इंतजार, झारखंड पुलिस तैयार

## डीजीपी बोले हमारी पूरी तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चुनाव आयोग की टीम के दौरे के बाद झारखंड पुलिस विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गयी है। झारखंड के डीजीपी का दावा है कि अगर कल चुनाव की घोषणा हो जाये तो भी झारखंड पुलिस चुनाव करवाने को तैयार है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव को बेहतरीन और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवा चुकी झारखंड पुलिस के सामने अब विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की चुनौती है। हालांकि झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दावा किया है कि अगर कल चुनाव हो जाये तो भी झारखंड पुलिस चुनाव संपन्न करवाने को लेकर पूरी तरह से तैयार है।



**घोषणा का इंतजार कर रही है पुलिस :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि चुनाव आयोग के साथ हुई बैठक में झारखंड पुलिस की तरफ से चुनाव को लेकर की गई तैयारी का पूरा विवरण पेश किया गया है। झारखंड पुलिस पूरी तरह से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है, उन्हें बस इसका इंतजार है कि विधानसभा चुनाव कितने चरणों में संपन्न होगा। अगर चुनाव एक ही चरण में संपन्न होगा तो उसके लिए फोर्स की आवश्यकता ज्यादा होगी और उसी के अनुसार तैयारी को अमली जामा पहनाया जाएगा। अगर चुनाव दो या तीन चरण में होंगे तो फोर्स की संख्या भी कम रहेगी।

**हर बूथ किया गया चिन्हित :** डीजीपी ने बताया कि राज्य में करीब 20 हजार बिल्डिंग (बूथ) हैं। जिसमें आठ हजार अतिसंवेदनशील और संवेदनशील हैं, जबकि 12000 नॉर्मल बूथ हैं। सभी 8000 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बिल्डिंग पर पैरामिलिट्री को तैनात किया जाएगा, जबकि 12000 नॉर्मल बूथों पर झारखंड पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह से तैयार है। चुनाव आयोग की तरफ से जो भी निर्देश मिले हैं, उसका अक्षरशः पालन किया जा रहा है। इसे लेकर सभी जिलों के पुलिस अध्यक्षों को निर्देश भी जारी किए गए हैं। सभी पुलिस अफसर को निर्देश दिया गया है कि वह निष्पक्ष रूप से कार्य करें।

## झारखंड में दुर्गा पूजा को लेकर सीएस और डीजी आज करेंगे विधि व्यवस्था की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर मुख्य सचिव और डीजीपी विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे से की जाएगी। जिसमें एडीजी अभियान, प्रमंडलीय आयुक्त और डीआईजी के अलावा सभी जिले के एसपी और डीसी शामिल होंगे।

गौरतलब है कि तीन अक्टूबर से राज्यभर में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन बड़े पैमाने पर होगा। इस दौरान विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसको लेकर यह समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है।

### इन मुख्य बिंदुओं पर होगी समीक्षा

दुर्गा पूजा पंडाल का सत्यापन। विसर्जन की तारीख और जुलूस मार्गो का सत्यापन। जुलूस मार्गो में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों पर की गई सुरक्षा की कार्रवाई। जुलूस मार्गो में रोशनी की व्यवस्था और पब्लिक संबोधन सिस्टम। संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना। पुलिस बल की उपलब्धता और प्रतिनियुक्ति। शांति समिति की बैठक की स्थिति। जिले में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का सत्यापन। दंगारोधी वाहन और वाटर कैनन की टेस्टिंग। होमगार्ड जवान को कॉलअप करने के संदर्भ में समीक्षा। डीजे और साउंड सिस्टम पर उत्तेजक गाने के प्रयोग संबंधी नीति निर्धारण। विसर्जन जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी और ड्रोन की व्यवस्था। सांप्रदायिक दंगों से संबंधित दर्ज कांडों के निष्पादन की स्थिति और धार्मिक स्थलों के आसपास सीसीटीवी लगाने।

**दिए जायेंगे कई दिशा निर्देश :** दुर्गा पूजा और अन्य आगामी त्योहारों के दौरान राज्य के किसी भी हिस्से में हिंसा या अशांति की कोई घटना नहीं हो, सूचना तंत्र मजबूत रखने और जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत कई दिशा निर्देश जिले के डीसी व एसपी को दिए जायेंगे।

## बड़ी संख्या में युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

खबर मन्त्र ब्यूरो

- **युवाओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और सीएम हेमंत सोरेन पर जताया भरोसा**

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में गुरुवार को आनंदपुरी हरमू रोड नियर मुक्तिधाम से बहुसंख्य युवा विक्की जयसवाल के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से सांसद आवास पहुंचे। अपने आवास पर सांसद महुआ माजी ने सभी को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर युवाओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर एवं झारखंडी हित में झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सम्मिलित हो रहे हैं।

इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड हमेशा आगे बढ़ रहा है और अब साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के कार्यों से भी लोग बहुत प्रभावित हो रहे हैं। हम सभी को मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को आगे की ओर बढ़ाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, सोमू बनर्जी, धीरज यादव ने अपना योगदान दिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में विक्की जायसवाल के नेतृत्व में जीतन, विकास यादव, मंटू मेहता, राहुल राजपूत, करण, राजा सिंह, बाबू प्रजापति, सुमित कुमार, दिवाकर, विजय टोप्पो, आकाश जयसवाल, लालू यादव, निशांत कुमार, प्रिंस सिंह, साहिल यादव, चंदन शर्मा, राहुल वर्मा, दुर्गा वर्मा, कैलाश गुप्ता, कृष्णा यादव, दिवाकर यादव, रोशन यादव, सुनील यादव, सचिन यादव, सत्यम यादव, सौरभ यादव, संजय यादव, पिंटू पासवान, चंदन यादव, शिबू कुमार, विक्की सिंह, अमन यादव, आयुष यादव, विशाल यादव, विकास यादव, धीरज यादव, संदीप कुमार, रॉकी यादव, कारू कुमार, दिवाकर कुमार, आर्यन सोनी, रोहित, राज, आदर्श कुमार, राजेश कुमार, प्रभात मिश्रा, प्रभात कुमार, विकास कुमार, विजय टोप्पो, पासवान जी, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, निवेश कुमार, आकाश जयसवाल, सिद्धि वर्मा, विकास सिंह, अभिषेक सिंह, आयुष सिंह, यश कुमार, विक्की कुमार सिंह, अनुज मालाकार, धीरेंद्र यादव, विशाल कुमार, आकाश कुमार, शुभम यादव, अभय सोनी, विक्की कुमार यादव, आर्य सिंह, जितेंद्र कुमार, विकास यादव, बंटी कुमार, करण टोप्पो, सोनू लोहरा और सुजीत साहू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

## 72 प्रश्नों के तथ्य लेकर जेएसएससी कार्यालय घेरने पहुंचे कई परीक्षार्थी

- **प्रतियोगिता परीक्षाओं से सवाल हूबहू मिलने का लगाया आरोप**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 21 और 22 सितंबर को आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर विवादों में आ गयी है। इस परीक्षा में पूछे गये 72 से अधिक सवाल पिछली प्रतियोगिता परीक्षाओं से हू-बहू मिलने पर तथ्य लेकर कई अभ्यर्थी रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय पहुंचे हैं और बाहर में प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गणित में पूछे गये 16 सवाल 2022 में जेएसएससी सीजीएल मेंस से, रिजनिंग में पूछे गये 16 सवाल 2019 में जेएसएससी पीटी, कंप्यूटर के 20 प्रश्न 2023 में आईबीपीएस आरआरबी और जनरल नॉलेज के 20-22 प्रश्न उत्तर प्रदेश पीसीएस की परीक्षा में आये सवाल से हू-बहू पूछे गये हैं। अभ्यर्थियों का यह भी आरोप है कि लैंग्वेज पेपर में पूछे गये सवाल यूपीएससी सीसेट से लिये गये थे, जो सेलेबस में नहीं था। अभ्यर्थियों का कहना है कि पेपर लीक के सारा सबूत जुटाकर यहां पहुंचे हैं। अभ्यर्थियों ने जेएसएससी पर छात्रों का भविष्य बिगाड़ने का आरोप लगाया है। कई सालों से छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इस तरह का काम करके जेएसएससी ने छात्रों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है।

**जेएसएसी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा :** बताते चलें कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सदर एसडीओ ने निषेधाज्ञा जारी की है। सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2 अक्टूबर की रात 10 बजे तक के लिए निषेधाज्ञा लागू की है। इस दौरान सक्षम प्राधिकार से बिना पुवार्नुमति के किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन पर रोक रहेगी। यह आदेश जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त किसी भी पदाधिकारी अथवा बल पर लागू नहीं होगा।

## भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हुए प्रभाकर तिर्की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के अग्रणी नेता और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के संस्थापक प्रभाकर तिर्की अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हो गए। यह जानकारी गुरुवार को संवाददाताओं को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने दी। इस मौके पर प्रभाकर तिर्की ने कहा कि झारखण्ड के हित में और आदिवासियों के हालात को देखते हुए भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हाने का निर्णय लिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि 23 वर्ष के बाद भी एक भी कार्य आदिवासी मूलवासी हितों के लिए नहीं हुआ है। अब एकमात्र भारत आदिवासी पार्टी ही झारखंड में विकल्प का रूप दे सकती है। झारखंड के चुनाव को देखते हुए उन्हें चुनाव अभियान समिति और घोषणा पत्र ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र लिंडा, राज्य प्रभारी बबिता कच्छप, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप, महासचिव कृष्णा हांसदा, कुंदरसी मुंडा, जागरे उरांव, महिला मोर्चा जागरे उरांव, अध्यक्ष अभय भुट कुंवर, मरियानूस तिग्गा, रामआशीष आदि मौजूद थे।

## एचईसीकर्मियों को दशहरा से पूर्व वेतन नहीं मिला, तो आंदोलन : लीलाधर

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने दशहरा से पूर्व एचईसी कामगारों का वेतन भुगतान करने की मांग की है। वेतन भुगतान नहीं होने पर प्रबंधन को गंभीर परिणाम भुगतने की बात उन्होंने कही है। वह बुधवार को यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में बैठक कर रहे थे। उन्होंने ठेका श्रमिकों से कहा कि अब जब भी मौका मिले, उन्हें प्लांट के अंदर चले जाना चाहिए। वह पहले ही ठेका श्रमिकों से प्लांटों में जाने को कह रहे थे, लेकिन कुछ तथाकथित नेताओं के कहने पर वह नहीं गए। उन्होंने प्रबंधन से ठेका श्रमिकों को जल्द काम पर बुलाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी श्रमिक संगठनों की बैठक बुलाकर दिल्ली जाकर भारी उद्योग मंत्री से मुलाकात कर एचईसी के पुनरूद्धार पर बात की जाएगी। **कल श्रद्धांजलि सभा का आयोजन :** एचईसी के दिवंगत श्रमिक नेता राणा संग्राम सिंह के श्रद्धांजिल समारोह का आयोजन 28 सितंबर को किया गया है। समारोह यूनियन कार्यालय में सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## श्रीलेदर्स ने हरमू रोड में खोला नया शोरूम

### गुणवत्ता व आराम की विरासत है श्रीलेदर : सुशांतो डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय फुटवियर उद्योग में 70 वर्षों से प्रतिष्ठित नाम श्रीलेदर्स ने रांची शहर के हरमू रोड पर नया शोरूम खोला है। इस अवसर पर पार्टनर और तीसरी पीढ़ी के परिवार के सदस्य सुशांतो डे भविष्य के विकास के लिये ब्रांड के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। हमारा लक्ष्य प्रदर्शन आधारित स्पोर्ट्स शूज पर ध्यान केंद्रित करना है। बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लिये एक अलग स्पोर्ट्स लाइन पेश करना है। विश्व स्तरीय गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल रहेगी। एसएल स्पोर्ट्स ब्रांड एक्टिव वियर और स्पोर्ट्स शूज की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि श्रीलेदर्स आंध्र प्रदेश के विजाग में अपना पहला शोरूम खोलने जा रहा है। जो इसके विस्तार की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसके अलावा ब्रांड इस त्यौहारी सीजन में रातू रोड रांची और गिरिडीह में नये शोरूम लॉन्च करेगा। जिससे पूर्वी भारत में इसकी उपस्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और आराम की विरासत स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे द्वारा 1952 में स्थापित श्रीलेदर्स किफायती कीमतों पर आरामदायक फुटवियर का पर्याय बन गया है। उत्पाद पेशकश का विस्तार नए शोरूम में विश्व स्तरीय फुटवियर, चमड़े के सामान, बैग, ट्रैवल बैग, स्पोर्ट्स शूज और एक्टिववियर की विस्तृत रेंज बेहतरीन कीमतों पर उपलब्ध होगी।




श्रीलेदर्स की नवीनतम श्रेणी एसएल प्रीमियम को खुदरा और ऑनलाइन दोनों ग्राहकों से अच्छी समीक्षा मिली है। पार्टनर शेखर डे ने जोर देकर कहा कि हम अपने फ्रैंचाइज को उत्पाद वितरित करने से पहले गुणवत्ता और ग्राहक स्वीकार्यता को प्राथमिकता देते हैं। इस अवसर पर बूगी-बूगी फेम आराधना शर्मा, उत्कर्ष सिंघानिया आदि उपस्थित थे।

## शाह के साथ आज सुदेश की बैठक आजसू को मिल सकती है 10-11 सीटें

**प्रभात सिंह**

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ एक फिर दिल्ली में बैठक होनेवाली है। इस बैठक में आजसू की भाजपा के साथ प्रदेश में विधानसभा सीटों की बंटवारे पर फैसला होना संभव है। आजसू की 20 से अधिक सीटों पर दावा है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि भाजपा उसे 10-11 सीटें देने पर राजी हो सकती है। आजसू चाहेगी कि उसे रामगढ़, गोमिया, जुगसुलाई, मांडु, बड़कागांव, टुंडी, सिंदरी, सिल्ली, तमाड़, लोहरदगा, चंदनक्यारी विधानसभा सीट जरूर मिले। इससे पहले दोनों नेताओं के बीच गत रविवार को नयी दिल ली में बातचीत हुई थी। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर नवंबर-दिसंबर में चुनाव होने हैं। सभी दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इंडिया और एनडीए गठबंधन के घटक दलों के शीर्ष नेता सीट शेयरिंग को लेकर मंथन में जूटे हैं। इस बार



एनडीए सीट शेयरिंग से लेकर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा में देरी नहीं करना चाह रही है। 2014 में भाजपा और आजसू एक साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ी थी, तब चुनाव के नतीजे भी अच्छे आये थे। लेकिन वही जब 2019 में दोनों पार्टी अलग-अलग हो गये तो दोनों को भारी कीमत चुकानी पड़ी। सत्ता से पांच साल के लिए दूर हो गये। इसबार दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे। बात 2019 के चुनाव की करें तो आजसू ने अकेले 53 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन केवल 2 सीटें ही जीत पायी थी। सिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से सुदेश महतो ने और गोमिया निर्वाचन क्षेत्र से लंबोदर महतो ने चुनाव जीता। बाद में हुए रामगढ़ उपचुनाव में आजसू को जीत मिली और ऐसे विधायकों की संख्या बढ़कर तीन हुई। जबकि 2014 का विधानसभा चुनाव आजसू और बीजेपी ने साथ मिल कर लड़ा था। उसका फायदा मिला। भाजपा ने 37 और आजसु पार्टी ने पांच सीटें जीतीं। गठबंधन ने कुल 42 सीटें जीतकर सरकार बनाया। वोट शेयर की बात करें तो आजसू को 2019 में 8.10% वोट मिले थे और दो सीट पर जीत हुई थी। वोट प्रतिशत के हिसाब से साल 2014 के तुलना में 4.42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। लेकिन साल 2014 के चुनाव में आजसू आठ सीटों पर लड़कर पांच सीटों पर कामयाब हुई थी। आजसू जिन जगहों में अच्छी पकड़ रखती है, उनमें रामगढ़, गोमिया, जुगसुलाई, मांडु, बड़कागांव, टुंडी, सिंदरी, सिल्ली, तमाड़, लोहरदगा, चंदनक्यारी शामिल हैं। माना जाता रहा है की आजसू पार्टी की पकड़ कुड़मी बहुल इलाके में मजबूत है।

## झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन ने 7वां नेशनल कैटरर्स डे मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 7वां नेशनल कैटरर्स डे गुरुवार को बोरिया रोड चिरोन्दी स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल एवं सचिव अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता में बताया कि झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन हर साल नेशनल कैटरर्स डे मनाता है। इस दिन रांची समेत झारखंड के सभी कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े लोगों को एक छत के नीचे आंमत्रित करते हैं। इसका मकसद अपने व्यवसाय को मजबूत बनाना और संगठित होकर काम करना है। कार्यक्रम में कैटरर्स बंधु और उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये।

अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा आज के समय में अन्न की बर्बादी बहुत बड़ी समस्या है। इसके लिए हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। आज कल शादी समारोह या अन्य कोई भी सेलीब्रेशन में दिखावा की होड़ में बहुत ज्यादा संख्या में खाने का मेन्यू रखते हैं, जिससे अन्न की बर्बादी होती है। इसलिए हम अपने ग्राहक को मेहमानों की सही संख्या और खाने का मेन्यू बहुत ज्यादा एवं बड़ा नहीं रखने के लिए तैयार करेंगे। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों से कैटरर्स व्यवसाय से जुड़े एसोसिएशन के सदस्यगण शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आप कैटरर्स की हमारे समाज में बहुत बड़ी भूमिका है। सभी कैटरर्स बंधुओं को आज 7वां नेशनल कैटरर्स दिवस पर बधाई देता हूं।

## खबर एक नजर में

### रक्षा राज्य मंत्री से मिला ओबीसी का डेलिगेशन



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गुरुवार को देश के रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ से मिला। उन्हें राज्य में ओबीसी के आरक्षण 14 प्रतिशत से 50 प्रतिशत बढ़ाकर 9वीं अनुसूची में डालने के लिए राज्यपाल से आग्रह कर केंद्र सरकार को भेजने, केंद्र और राज्यों में ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय की गठन करने, जाति जनगणना करने, ओबीसी अधिकारी, कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने सहित आठ सूत्री मांगों को लेकर क्रमिक आंदोलन के तहत राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के संदर्भ में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की मांगें जायज हैं। ओबीसी का आरक्षण बढ़ना चाहिए तथा ओबीसी स्वतंत्र मंत्रालय का गठन की मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष मजबूती से रखने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने रक्षा राज्य मंत्री से मांग की कि आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा और क्रीमी लेयर को हटाकर ओबीसी वर्ग को उनका हक अधिकार मिले और इस वर्ग के साथ न्याय हो। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, वरिष्ठ समाजसेवी दीनानाथ प्रसाद, प्रदेश महासचिव अजय मेहता, उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह, अवध प्रसाद, वसीम अकरम, चंदन गुप्ता, गोविंद शर्मा सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### सीसीएल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार के मार्गदर्शन में केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ द्वारा सीसीएल में जारी सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सीएसआर विभाग के तत्वावधान में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज, रामगढ़ के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अभियान का थीम ईमानदारी की संस्कृति, राष्ट्र की समृद्धि के लिए है और यह अभियान 16 अगस्त से प्रारम्भ हो चुका है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन रोहित साथी, आईडीएसई, ईई, गैरिसन इंजीनियर, एमईएस, रामगढ़ एवं सीएमओ प्रभारी डॉ. भास्कर चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में सीसीएल के कर्मचारियों, श्रमिक संघ के सदस्यों और बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें 30 रक्तदाताओं की जांच की गई तथा 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए उपयोग किया जाएगा।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए मदर इंटरनेशनल के तीन छात्र चयनित

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में टेबल टेनिस के नेशनल चैंपियनशिप सिलेक्शन के लिए टेबल टेनिस मैच का आयोजन खेलगांव सहित अन्य जगहों पर हुआ। जिसमें मदर्स इंटरनेशनल स्कूल ब्रांबे के तीन छात्रों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ। पूरे झारखंड में मदर्स इंटरनेशनल स्कूल एकमात्र स्कूल है, जिसके नेशनल चैंपियनशिप (टेबल टेनिस) में तीन छात्र पहुंचे। जिसमें कक्षा छह की निधि कुमारी, कक्षा आठ के अमन मिंज अंडर 14, रचिता महतो कक्षा नौ अंडर 17 में चयनित हुए। कोच शत्रुंजय चक्रवर्ती के नेतृत्व में बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने प्रतिभागियों को उनके सफल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के फादर सी.डीब्रावर सभागार में गुरुवार को तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा, एसजे एवं उप-प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर कॉलेज के शिक्षक, प्रदर्शनी के आयोजक लोहिया ग्रंथालय एवं लोहिया बुक्स इंटरनेशनल के अशोक लोहिया, दीपक लोहिया, आकर्ष लोहिया, साक्षी लोहिया एवं सभी प्रकाशक तथा कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा, एसजे ने कहा कि छात्रों को प्रिंट पुस्तकें जरूर खरीदनी एवं पढ़नी चाहिए। उप-प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप ने भी पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन साक्षी लोहिया ने किया।

### पारस हॉस्पिटल में नि:शुल्क हार्ट स्वास्थ्य जांच कैंप 29 को

**रांची।** वर्ल्ड हार्ट डे 29 सितंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल में नि:शुल्क हार्ट टेस्ट कैंप लगाया जायेगा। इस कैंप में कार्डियक कंसलटेंट, डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशन कंसलटेंट मौजूद रहेंगे। कैंप में रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी, इको कार्डियोग्राफी / ट्रेड मिल टेस्ट नि:शुल्क होगा। इसके अलावा हेल्थ टॉक का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोग संबंधित सवालों को पूछकर जवाब पा सकते हैं। साथ ही कैंप में अगर डॉक्टर एक्स्ट्रा टेस्ट करने को कहते हैं तो टेस्ट में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। हॉस्पिटल के सीनियर कर्डिलॉजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा ने कहा कि हर साल हजारों की संख्या में लोग हार्ट डिजीज से मरते हैं। इसलिए इस दिन लोगों को हार्ट की बीमारी से बचाने के लिए उन्हें जागरूक किया जाता है। विश्व हृदय दिवस का लक्ष्य लोगों को अपने हृदय की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करना और अगर किसी को हार्ट संबंधित कोई बीमारी हो तो वह तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कर्डिलॉजिस्ट डॉ. कुंवर अभिषेक ने कहा कि समय पर और अच्छे डाइट लेंगे तो हार्ट हमेशा ठीक रहेगा। हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हॉस्पिटल में पारस कैंसर सेंटर खोला गया है। जिसमें जाने माने ऑन्कोलॉजी की टीम ने हॉस्पिटल को ज्वाइन किया है।

### यूनियन बैंक के कर्मचारी आज रहेंगे हड़ताल पर

**रांची।** आईबीपीएस के माध्यम से पर्याप्त क्लर्क भर्ती समेत अन्य मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम ऑफ यूनियन बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को यूनियन बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इसमें क्लर्क और सब स्टाफ शामिल होंगे। इससे पहले बैंक के कर्मचारियों ने रांची अंचलीय कार्यालय के पास मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। साथ ही अंचल प्रमुख-उप अंचल प्रमुख को मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

### चेक बाउंस मामले में शुभम की सजा बरकरार

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता शुभम कुमार उर्फ शुभम गिरि की सजा को बरकरार रखा है। लातेहार के चंदवा निवासी शुभम गिरि को प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत ने 2 जुलाई 2024 को चेक बाउंस के आरोप में एक साल की सजा और 3.90 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। अभियुक्त को मिली सजा को चुनौती प्रधान न्यायायुक्त की अदालत में दी थी। अभियुक्त पर विशाल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अमित कुमार मुंजल की दुकान से अक्तूबर 2017 में 3.80 लाख रुपये का सामान लेने और बदले में चेक देने का आरोप था। जो बाउंस कर गया। अभियुक्त ने जब पैसा नहीं लौटाया तो फरवरी 2018 में कोर्ट में मुकदमा किया था।

### एसएसपी ने रांची जिला बल के नवप्रोन्नत हवलदारों को किया सम्मानित



**रांची।** एसएसपी ने रांची जिला बल के नवप्रोन्नत हवलदारों को हवलदार का बिल्ला लगाकर सम्मानित किया। रांची जिला में पदस्थापित 140 एसएलसी उत्तीर्ण आरक्षियों का पुलिस महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र रांची के आदेशानुसार आरक्षी से हवलदार की कोटी में प्रोन्नति प्रदान की गयी है, जिसके आलोक में 140 नवप्रोन्नत हवलदारों को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, पुलिस अधीक्षक नगर रांची, परिचारी प्रवर प्रथम/द्वितीय एवं पुलिस मेन्स एसो. शाखा रांची के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस केन्द्र, रांची में पिपींग सिरोमणी का आयोजन किया गया।

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची. शुक्रवार. 27 सितंबर 2024

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी गलत

मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों को डाउनलोड करना, स्टोर करना, देखना व प्रसारित करना पॉक्सो व आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच के सदस्यों न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्र ने देश को साफ संदेश दे दिया कि बच्चों पर बने अश्लील कंटेंट की स्टोरेज करना, डिलीट न करना तथा इसकी शिकायत न करना, इस बात का संकेत है कि उसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। साथ ही मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द किया, जिसमें कहा गया था ऐसे कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना अपराध नहीं है, जब तक कि इसे प्रसारित करने की नीयत न हो। शीर्ष अदालत ने उस फैसले को रद्द करके केस वापस सेशन कोर्ट को भेज दिया। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को हटाकर इसकी जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लोएटेटिव एवं एब्यूसिव मैटेरियल शब्द का प्रयोग किया जाए। कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह अध्यादेश लाकर इसमें बदलाव करे। यहां तक कि अदालतें भी इस शब्द का प्रयोग न करें। साथ ही पॉक्सो एक्ट में इस शब्द को लेकर बदलाव किया जाए। कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में दलील दी कि नया शब्द ठीक से बताएगा कि यह महज अश्लील सामग्री ही नहीं है, बच्चे के साथ हुई वीभत्स घटना का एक रिकॉर्ड भी है। वह घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ है। या फिर ऐसे शोषण को वीडियो में दर्शाया गया है। अदालत ने गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यौन शोषण के बाद पीड़ित बच्चों के वीडियो, फोटोग्राफ और रिकॉर्डिंग के जरिये शोषण की श्रृंखला आगे चलती है। दुर्भाग्य से यह सामग्री इंटरनेट पर मौजूद रहती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## कार्टून वर्ल्ड



# एक देश, एक चुनाव... राष्ट्रीय हित में सार्थक पहल


**मोदी** सरकार ने देश में सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी रामनाथ कोविंद कमिटी की रिपोर्ट ने मुहर लगा दी है। इसके बाद देश में 'एक देश, एक चुनाव' की राह से संशय दूर हो गया है पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि ये हमारे लोकतंत्र को अधिक जीवंत, सहभागी बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने भी साफ किया था कि मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में देश का यह सबसे बड़ा चुनाव सुधार लागू हो जाएगो बता दें कि बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में भी इसका वादा किया था। हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी पीएम मोदी ने अपने भाषण में भी एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर राजनीतिक दलों के बीच आपसी संवाद के जरिए इस मुद्दे पर एक समझौते का प्रयास किया था, क्योंकि बार-बार चुनाव होने से विकास की रफ्तार बाधित होती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी, जिसे जिम्मेदारी दी गई थी क कि वह देश मे एक साथ चुनाव करवाने की संभावनाओं पर रिपोर्ट दे समिति ने अपनी रिपोर्ट इस साल मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी थी।



पहले चरण में लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने, इसके बाद 100 दिनों के भीतर दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव कराने, पूरे देश मे सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची बनाने और सभी के लिए मतदाता पहचान पत्र भी एक ही जैसा रखने की सिफारिश की है। इन सिफारिशों के लागू होने का निरीक्षण करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' के गठन का प्रस्ताव दिया है।

कमिटी ने त्रिशंकु सदन या अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में बहुमत खोने पर, चाहे लोकसभा में हो या किसी राज्य विधानसभा में, नए चुनाव कराने का प्रस्ताव किया है, लेकिन नए सदन का कार्यकाल केवल अगले निर्धारित आम चुनाव तक ही रखने का प्रस्ताव है, ताकि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ कराये जाने की प्रक्रिया बनी रहे` हालांकि इसके लिए आगे का सफर आसान नही होने वाला है। इसके लिए संविधान संशोधन और राज्यों की मंजूरी भी जरूरी है, जिसके बाद ही इसे लागू किया जायेगा।

आजादी के बाद तकरीबन 15 साल तक विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनावों के साथ चले। लेकिन बाद में कुछ राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से एक पार्टी को बहुमत नहीं मिला और कुछ सरकारें अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले गिर गयी। यही नहीं केंद्र में भी कई बार सरकारें अपने 5 वर्ष की अवधि को पूरा करने में सक्षम नहीं हो सकी` इसका परिणाम यह हुआ कि न केवल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव करवाना संभव नहीं सका बल्कि केवल सभी राज्यों के चुनाव भी एक साथ नहीं होने की बाध्यता हो गयी, लेकिन अब बार-बार होने वाले चुनावों में आर्थिक और मानवीय संसाधनों के बढ़ते व्यय एवं विकास की प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाली बाधाओं को देखते हुए लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



-शिवानंद उपाध्याय

> लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के विरुद्ध सबसे प्रबल तर्क यह दिया जाता है कि अगर देशभर में एक साथ चुनाव हो, तो राज्यों के मुद्दों और हितों की अनदेखी हो सकती है सारा ध्यान लोकसभा के चुनाव पर होगा` यही नहीं वोट देते समय ज्यादातर लोगों द्वारा एक ही पार्टी को वोट कर सकते हैं` कई बार मतदाता राज्य में किसी क्षेत्रीय पार्टी के मुद्दों के साथ जाता है।

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के पक्ष में सबसे बड़ा तर्क आर्थिक और मानव संसाधनों की बचत का है। सेंटर फॉर मीडिया स्टटडी (सीएमएस) की स्टडी के अनुसार 1998 से लेकर 2019 के बीच लगभग 20 साल की अवधि में चुनाव खर्च में 6 से 7 गुना की बढ़ोतरी हुई 1998 में चुनाव खर्च करीब 9 हजार करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 55 से 60 हजार करोड़ रुपये हो गया है 2024 में बढ़कर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों के चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने से न केवल विकास और शिक्षा को अधिकतम नुकसान होता है बल्कि सुरक्षा बलों को भी बार-बार चुनाव कार्य में लगाए जाने देश की सुरक्षा के लिए भारी खतरा का सामना करना पड़ता है। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को भी दो अलग-अलग चुनावों की तुलना में हर स्तर पर दोहरे खर्च के बजाय कम पैसे खर्च करने होंगे सबसे अहम यह कि चुनाव कार्य के लिए बार-बार सुरक्षा बलों की अनावश्यक तैनाती से बचा जा सकेगा, जिनका उपयोग बेहतर आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए किया जा सकेगा।

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के दूसरा सबसे प्रबल तर्क यह है कि इससे चुनावों में आम लोगों की भागीदारी बढ़ सकती है देश में बहुत से लोग हैं जो रोजगार या अन्य वजहों से अपने वोटर कार्ड वाले पते पर नहीं रहते, वे अलग-अलग चुनाव होने की स्थिति में बार-बार मतदान करने नहीं जाते एक साथ चुनाव होने पर पूरे देश में एक मतदाता सूची होगी जो लोकसभा और विधानसभा के लिए अलग-अलग होती है। तीसरा तर्क यह है कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू रहने के दौरान विकास संबंधित कई निर्णय बाधित हो जाते है। इसके साथ ही प्रशासनिक मिशनरी के चुनाव कार्यों में व्यस्त होने और शासन तंत्र के प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाने से सामान्य और पहले से चले आ रहे विकास कार्य भी प्रभावित होते है।

लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के विरुद्ध सबसे प्रबल तर्क यह दिया जाता है कि अगर देशभर में एक साथ चुनाव हो, तो राज्यों के मुद्दों और हितों की अनदेखी हो सकती है। सारा ध्यान लोकसभा के चुनाव पर होगा। यही नहीं वोट देते समय ज्यादातर लोगों द्वारा एक ही पार्टी को वोट कर सकते है। कई बार मतदाता राज्य में किसी क्षेत्रीय पार्टी के मुद्दों के साथ जाता है जबकि केंद्र में किसी मजबूत राष्ट्रीय पार्टी के मुद्दों को तरजीह देते हुए उसके पक्ष में मतदान करते है। इससे मतदाताओं में भ्रम भी पैदा हो सकता है इससे बड़े राजनीतिक दलों को ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है और छोटे क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगी। इसके बावजूद लोकसभा और विधानसभा दोनों का चुनाव एक साथ कराना निःसंदेह राष्ट्रीय हित में होगा। हो सकता है नई व्यवस्था से निजात मिले। लेकिन इसपर अमल करने से पूर्व संसद और संसद से बाहर गहन विचार विमर्श की जरुरत है।

## लेटर टू एडिटर

### महज विरोध

**कांग्रेस** केंद्र सरकार की अंध विरोध की खतरनाक राजनीति के सहारे है। उसके क्षत्रपों की मानसिकता मात्र विरोध तक ही सीमित रह गई है। राजनीति में विरोध तार्किक आधार पर होना चाहिए। महज विरोध करने के लिए विरोध करना लोकतंत्र में सही नहीं ठहराया जा सकता। जब मोदी सरकार सत्ता में आई, तब से लेकर अब तक राहुल गांधी केवल अनावश्यक विरोध के जरिए ही राजनीति करते आए हैं। 70 साल बनाम 11 साल का आकलन भी कांग्रेस के खिलाफ ही जाता है। बीते सालों में विकास को जो गति मिली है, उससे आम आदमी काफी संतुष्ट है।

**– अमृतलाल मारू, रांची**

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना

चंपारण में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा, क्षतिग्रस्त कर दी गई। इस तरह की घटनाओं का अचानक बढ़ना गांधी के देश में सभ्य समाज का प्रतीक नहीं है।

**– नितेश कुमार सिन्हा, बरही**

## एक्स - ट्वीट

**ये** डेमोग्राफी खराब करने और बांग्लादेशी घुसपैठिए की बात करेंगे। मैं उनको कहना चाहूंगा कि जाकर भारत सरकार का आंकड़ा निकाल कर देख लें कि कौन से जिला, कौन से राज्य में, किस तरह से आंकड़ों में बदलाव हुआ है।

**– हेमंत सोरेन सीएम**

सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी? 700 से ज्यादा किसानों, खास कर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत ले कर भी भाजपा वालों का मन नहीं भरा।हमारे अन्नदाताओं के विरुद्ध भाजपा का कोई भी षडयंत्र कामयाब नहीं होने देंगे। **– राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

# भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच की प्रासंगिकता

**डॉ. रामकिशोर उपाध्याय**

खेल

**बांग्लादेश** इस समय गैर मुस्लिम समुदायों अर्थात अल्पसंख्यकों के लिए जहन्नुम बन गया है। चूंकि वहां अल्पसंख्यकों में हिन्दुओं की संख्या अधिक है । इसलिए हिंसा और दंगों का असर हिन्दुओं पर ही सर्वाधिक पड़ता है एक समय था जब बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या लगभग बाइस प्रतिशत हुआ करती थी किन्तु आज यह संख्या घटकर लगभग आठ प्रतिशत या इससे भी कम रह गयी है क्यों? जानकारों का कहना है कि यदि जिहाद ऐसे ही होती रही तो 2050 तक बांग्लादेश हिंदू विहीन हो जायेगा। यहां हिन्दू विहीन का अर्थ केवल हिन्दुओं से नहीं अपितु सिख, बौद्ध, ईसाई सभी से है यदि संयुक्त राष्ट्र द्वारा शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाये गये तो ये सब-के-सब धीरे-धीरे मिटा दिये जायेंगे। कुछ की हत्या कर दी जायेगी, कुछ का धर्मान्तरण हो जायेगा और कुछ भगा दिये जायेंगे या स्वयं भाग जायेंगे। प्रश्न भी है कि देखते ही देखते चौदह प्रतिशत हिन्दू घट गये और संसार में कोई हलचल, कोई प्रतिक्रिया या विरोध नहीं हुआ। भारत में एक मुसलमान की हत्या होती है तो यह जाने बिना कि इसमें मृतक दोषी था या निर्दोष, हत्या आपसी रंजिश में हुई या अन्य कारण से, जिहादियों ने भारत के सभी हिन्दुओं को असहिष्णु घोषित कर दियो कई मुस्लिम देशों ने विरोध प्रदर्शन कियो मैं यहां किसी हत्या का समर्थन नहीं कर रहा, मेरे कहने का आशय यह है कि एक व्यक्ति की हत्या पर पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन होते हैं और यहां 14 प्रतिशत आबादी को मारकाट कर समाप्त कर दिया और संसार में कोई हलचल, आंदोलन या असहिष्णुता नहीं क्यों? कहने का आशय यह है कि आज जिस प्रकार बांग्लादेश में हिन्दुओं को मारा जा रहा है, उस समय हम भारत के लोग क्या कर रहे हैं? हम बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेल रहे हैं! यह नीरसता, निष्ठुरता और पलायनवाद ही जिहादियों को जिहाद करने और कट्टरपंथियों को हिन्दुओं पर अत्याचार करने का हौसल देता है भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता सबको पता है भारत-बांग्लादेश के मध्य टी-ट्वेंटी सीरीज का पहला मैच ग्वालियर के नवनिर्मित स्टेडियम में 6 अक्टूबर को होने जा रहा है ग्वालियर में अनेक संगठन इस मैच का विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में इसका विरोध किया जा रहा है यदि यह मैच रद्द होता है तो पूरी दुनिया में यह सन्देश जायेगा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का भारत की जनता विरोध कर रही है। मैच का विरोध करने वालों का तर्क है कि इससे बांग्लादेश हिन्दू, बौद्ध, इसाई सिक्खों के परिषद की उस मांग को बल मिलेगा, जिसमें परिषद् संयुक्त राष्ट्र से वर्तमान हिंसा की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। यह तो सब जानते ही हैं कि बांग्लादेश के आतंकी इस हिंसा की चर्चा को दबा देना चाहते हैं। कम्युनिस्ट मीडिया और बुद्धिजीवी इसे राजनीतिक हिंसा का रूप देकर मामले को बदलना चाहते हैं। इस्लामिस्ट और कम्युनिस्ट मिलकर इसे सांप्रदायिक या इस्लामिक हिंसा के स्थान पर संपत्ति आदि का झगड़ा सिद्ध करने के प्रयास में हैं ऐसे में भारत का बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेलना कम-से-कम इस समय ठीक नहीं है इससे वहां के अल्पसंख्यकों की लड़ाई कमजोर पड़ सकती है। विडंबना है कि वहां हिंदू, बौद्ध, ईसाई और सिख चारों को निशाना बनाया जा रहा है। सभी के धार्मिक स्थल तोड़े जा रहे हैं सबके घरों में आग लगायी जा रही है किंतु भारत के हिंदू, बौद्ध, इसाई और सिख चारों मिल कर इस आतंकवाद का विरोध नहीं कर रहे, क्यों? यद्यपि सिक्खों ने विरोध किया है किन्तु उतना नहीं जितना अपेक्षित थो सोशल मीडिया पर ऐसी अपीलें भी की जा रही हैं कि हिंदू, बौद्ध, इसाई और सिख आओ हम सब मिलकर एक साथ बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के समर्थन में खड़े होकर इस मैच को रद्द करने की मांग करें। इस विरोध से यह मैच रद्द होगा कि नहीं यह तो समय बतायेगा किन्तु इस विरोध में एक बात बहुत सकारात्मक है। भारत में कट्टर इस्लामिस्ट और कम्युनिस्ट गठजोड़ इतना सक्रिय है कि वह हर उस आवाज को दबाने का प्रयास करता है जो हिन्दुओं के पक्ष में उठती है। मैच के पक्ष और विपक्ष में लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है किन्तु समय के औचित्य पर तो प्रश्न उठता ही है। मान लीजिये बांग्लादेश के स्थान पर यह घटना पाकिस्तान में हुई होती, वहां ठीक इसी प्रकार हिन्दुओं के गांव-के-गांव जला दिये जाते, हिन्दू महिलाओं के साथ बलात्कार होते, मंदिर तोड़े जा रहे होते (जैसा कि वहां भी होता रहता है) तब क्या भारत, पाकिस्तान के साथ ऐसे ही मैच खेलता?

# माता सीता ने गया आकर राजा दशरथ सहित पितरों का पिंडदान किया

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

धर्म

**वाल्मिकी** रामायण में सीता माता द्वारा पिंडदान देकर राजा दशरथ की आत्मा को मोक्ष मिलने का संदर्भ आता है। वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता पितृ पक्ष के वक्त श्राद्ध करने के लिए गया धाम पहुंचे।

वहां ब्राह्मण द्वारा बताये श्राद्ध कर्म के लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु श्री राम और लक्ष्मण नगर की ओर चल दिये।

ब्राह्मण देव ने माता सीता को आग्रह किया कि पिंडदान का सही वक्त समय निकलता जा रहा है। यह सुनकर सीता जी की व्यग्रता भी बढ़ती जा रही थी क्योंकि श्री राम और लक्ष्मण अभी नहीं लौटे थे। इसी उपरांत दशरथ जी की आत्मा ने उन्हें आभास कराया कि पिंड दान का वक्त बीता जा रहा है। यह जानकर माता सीता असमंजस में पड़ गयी। तब माता सीता ने समय के महत्व को समझते हुए यह निर्णय लिया कि वह स्वयं अपने ससुर राजा दशरथ का पिंडदान करेंगी। उन्होंने फल्गू नदी के साथ-साथ वहां उपसथित वटवृक्ष, कौआ, तुलसी, ब्राह्मण और गाय को साक्षी मानकर स्वर्गीय राजा दशरथ का का पिंडदान पूरे विधि विधान के साथ किया। इस क्रिया के उपरांत जैसे ही उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की, तो राजा दशरथ ने माता सीता का पिंड दान स्वीकार किया।



माता सीता इस बात से प्रफुल्लित हुई कि उनकी पूजा दशरथ जी ने स्वीकार कर ली है। पर वह यह भी जानती थी कि प्रभु श्रीराम इस बात को नहीं मानेंगे क्योंकि पिंड दान पुत्र के बिना नहीं हो सकता है। थोड़ी देर बाद भगवान राम और लक्ष्मण सामग्री लेकर आये और पिंड दान के विषय में पूछा। तब माता सीता ने कहा कि समय निकल जाने के कारण मैंने स्वयं पिंडदान कर दिया। प्रभु राम को इस बात का विश्वास नहीं हो रहा था कि बिना पुत्र और बिना सामग्री के पिंडदान कैसे संपन्न और स्वीकार हो सकता है। तब सीता जी ने कहा कि वहां उपस्थित फल्गू नदी, तुलसी, कौआ, गाय, वटवृक्ष और ब्राह्मण उनके द्वारा किये गये श्राद्धकर्म की गवाही दे सकते हैं। भगवान राम ने जब इन सब से पिंडदान किये जाने की बात सच है या नहीं यह पूछा, तब फल्गू नदी, गाय, कौआ, तुलसी और ब्राह्मण पांचों ने प्रभु राम का क्रोध देखकर झूठ बोल दिया कि माता सीता ने कोई पिंडदान नहीं किया। सिर्फ वटवृक्ष ने सत्य कहा कि माता सीता ने सबको साक्षी रखकर विधिपूर्वक राजा दशरथ का पिंड दान किया। पांचों साक्षी द्वारा झूठ बोलने पर माता सीता ने क्रोधित होकर उन्हें आजीवन श्राप दिया।

फल्गू नदी को श्राप दिया कि वह सिर्फ नाम की नदी रहेगी। उसमें पानी नहीं रहेगा। इसी कारण फल्गू नदी आज भी गया में सूखी है। गाय को श्राप दिया कि गाय पूजनीय होकर भी सिर्फ उसके पिछले हिस्से की पूजा की जायेगी और गाय को खाने के लिए दर-दर भटकना पड़ेगा। आज भी हिन्दू धर्म में गाय के सिर्फ पिछले हिस्से की पूजा की जाती है। माता सीता ने ब्राह्मण को कभी भी संतुष्ट न होने और कितना भी मिले उसकी दरिद्रता हमेशा बनी रहेगी का श्राप दिया। इसी कारण ब्राह्मण कभी दान दक्षिणा के बाद भी संतुष्ट नहीं होते हैं। सीताजी ने तुलसी को श्राप दिया कि वह कभी भी गया की मिट्टी में नहीं उगेगी।

यह आज तक सत्य है कि गया कि मिट्टी में तुलसी नहीं फलती। कौवे को हमेशा लड़ झगड़ कर खाने का श्राप दिया था। अतः कौआ आज भी खाना अकेले नहीं खाता है। सीता माता द्वारा दिये गये इन श्रापों का प्रभाव आज भी इन पांचों में देखा जा सकता है। जहां इन पांचों को श्राप मिला वहीं सच बोलने पर माता सीता ने वट वृक्ष को आशीर्वाद दिया कि उसे लंबी आयु प्राप्त होगी और वह दूसरों को छाया प्रदान करेगा तथा पतिव्रता स्त्री उनका स्मरण करके अपने पति की दीर्घायु की कामना करेगी।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में परिवर्तन यात्रा आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा एवं संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। नेताओं ने बताया कि 27 सितंबर को आहुत परिवर्तन यात्रा सुबह 11 बजे पतरातु लेक रिजॉर्ट से भुरकुंडा होते हुए बिरसा चौक, पटेलनगर, सयाल मोड़ ,रिवर साइड होते हुए आगे की ओर प्रस्थान करेगा। मौके पर योगेश दांगी, संजीव कुमार बावला, खुशबू देवी, शैलेंद्र कुमार, राजन पांडेय, सत्येंद्र नारायण सिंह, कन्हैया सिंह यादव, अजय पासवान, राजेश गुप्ता, सुभाष दास, विजय कुमार, अखिलेश टोप्पो, बलजीत सिंह सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

### सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा शाखा कार्यालय में गुरूवार को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. किरण कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 25 एवं 26 अक्टूबर को दो दिवसीय जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन के लिए एक स्वागत समिति का गठन किया गया। अरुण कुमार सिंह, उप संरक्षक कॉ. डीके गांगुली, कॉ. संजीव वर्मा, स्वागत अध्यक्ष कॉ. धनेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष कॉ. देवनाथ महली, उपाध्यक्ष कॉ. प्राणेश कुमार, उपाध्यक्ष कॉ. नजमा खातून, स्वागत सचिव कॉ. बलभद्र दास, संयुक्त स्वागत सचिव कॉ. किरण कुमार,अन्य शाखा सचिव स्वागत समिति के सदस्य चुने गए।

### गूगल में काम करेंगी राजश्री वर्मा




भुरकुंडा (रामगढ़)। कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के शिक्षक राजेश कुमार वर्मा व शिक्षिका सुनिता वर्मा की पुत्री राजश्री वर्मा को गूगल आईटी सर्विस की ओर से सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्य करने के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया है। पुत्री की सफलता से गदगद पिता राजेश कुमार वर्मा एवं माता सुनिता वर्मा ने कहा कि राजश्री शुरू से मेधावी छात्रा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सफलता ही माता-पिता के लिए सबसे उपहार होता है।

### पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पुलिस ने गुरूवार को जयप्रकाश नगर भुरकुंडा निवासी विकास कुमार गोस्वामी को सुबह घर से गिरफ्तार कर रामगढ़ जेल भेज दिया।

### राधा गोविंद कॉलेज में मना फार्मेसी डे

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय फार्मेसी विभाग एवं राधा गोविंद फामेर्सी कॉलेज ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति बीएन साह ने वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि समाज को स्वस्थ बनाने में फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान होता है। फार्मेसी विभाग के डॉ के पी सिंह ने दवाओं के प्रयोग एवं दुष्प्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। सचिव प्रियंका कुमारी ने फार्मासिस्ट के विस्तृत योगदान के बारे में चर्चा किया और उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट का भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भी अहम योगदान प्रदान करता है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए गए।इसके अलावा क्विज, भाषण , पेंटिंग, कबड्डी ,शतरंज ,लूडो एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की गुरूवार को भरकुंडा पंचायत भवन में पतरातू प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष दर्शन गंझू व संचालन ब्रजेश पांडेय ने किया। बैठक में कहा गया कि झारखंड का गठन 25 वर्ष होने को है, परंतु झारखंड राज्य को बनाने के लिए अलग राज्य आंदोलनकारी को राज्य सरकार द्वारा कोई सुविधा नहीं दिया जाना समझ से परे है। बैठक में टिकेश्वर महतो, हरिशंकर चौधरी, नरेश गंझू, रविंद्र प्रसाद, उदय मालाकार, योगेंद्र यादव, गुलाब प्रसाद साहू, उगन महतो, महावीर प्रसाद, श्याम महतो, मुंशी गंझू, पितरूस तिग्गा, लालदेव मुंडा आदि मौजूद थे।

### दीपक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट 15 को

**कटकमसांडी।** मिडिल स्कूल मैदान में 15 अक्टूबर को शहीद दीपक उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट होगा। टूनामेंट का उद्घाटन नृत्य संगीत के साथ ढोल नगाड़े, ताशे के साथ होगा। टूर्नामें में मात्र 16 टीम का ही एंट्री लिया जाएगा। अंतिम एंट्री 10 अक्टूबर तक ही लिया जाएगा। कटकमसांडी के पूर्व जिप सदस्य विजय सिंह भोक्ता ने बताया कि कटकमसांडी के धरती पर पहला ऐतिहासिक टूर्नामेंट होने जा रहा है जो बेहद ही रोमांचक मुकाबला रहेगा।

# दो अक्टूबर को हजारीबाग आयेंगे मोदी

## भाजपा संगठन मंत्री, राज्यसभा सांसद और सांसद ने स्थल किया निरीक्षण

- परिवर्तन यात्रा का करेंगे समापन, भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का दिलाएंगे संकल्प : प्रदीप वर्मा
- पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर जनता उत्साहित : मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 02 अक्टूबर को हजारीबाग आगमन को लेकर गुरुवार को भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण कर जायजा लिया। इससे पहले सभी नेताओं ने झारखंड पुलिस एकेडमी के हेलीपेड और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के ग्राउंड का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम स्थल मटवारी स्थित गांधी मैदान पंहुचकर सभी ने तैयारी का जायजा लिया। टेंट-पंडाल का कार्य शुरू हो चुका है। यहां पहुंचे जिला प्रशासन के कई अधिकारियों से भी इन्होंने संयुक्त रूप से समन्वय हेतु वार्ता किया ।कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के पश्चात राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने बताया की झारखंड प्रांत के सभी 6 मंडलों में भाजपा के संगठन के दृष्टि से चल रही परिवर्तन यात्रा के समापन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन हजारीबाग में होने जा रहा है। भाजपा के कार्यकताओं के साथ राज्य की जनता के लिए अपार हर्ष और उत्साह की बात है की उनके प्रिय नेता जिनके हृदय में झारखंड बसता है वो फिर से झारखंड आ रहें हैं निश्चित रूप से जब पीएम मोदी झारखंड आते हैं तो खाली हाथ कभी नहीं आते। झारखंड के लिए हमेशा उपहारों और योजनाओं की सौगात लेकर आते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता उनके संबोधन और मार्गदर्शन से इस राज्य में जो एक अराजक सरकार, एक घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली, राज्य को जुटने वाली, राज्य के खनिज संपदा को लूटने वाली, कानून व्यवस्था जिनके शासन काल में पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है ऐसी एक सरकार को उखाड़ फेंकने का एक उत्साह और संकल्प दिलाकर पीएम नरेंद्र मोदी जाने वाले हैं। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की पीएम मोदी के आगमन को लेकर झारखण्ड और विशेषकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता भी आतुर है। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में जनसैलाब के रूप में अपनी भागीदारी निभाते हुए हजारीबाग के एक- एक नागरिक को मोदी जी के कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए। विधायक श्री जायसवाल ने कहा की मोदी जी का यह हजारीबाग दौरा ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा की जिस दिन से पीएम नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन का घोषणा हुआ है तब से लोग अतिउत्साहित हैं। सौ से अधिक कॉल मुझे आ चुका है लोगों का की मिलाने का कोई जुगाड कीजियेगा। ये पीएम का क्रेज है। लेकिन इस राज्य की जनता के लिए वे आ रहें हैं तो कुछ नया सौगात लेकर आएंगे। इंतजार कीजिए 02 अक्टूबर का इस राज्य के विकास और राज्य के भविष्य के लिए पीएम मोदी का यह यात्रा का विशेष महत्त्व है ।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा जिला महामंत्री सुनील मेहता, भाजपा नेत्री कुमकुम देवी, टुन्नू गोप, प्रणय वर्मा, अनिल मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, इन्द्रनारायण कुशवाहा, विजय चौधरी, रिंकू वर्मा, शिव प्रजापति, विवेक जोशी, सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
निविदा रद्द करने के संबंध में

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:- LAB/DWSD/07/2024-25 दिनांक-13/09/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका **PR No.** 335951 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची

PR 337256 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

# ना कहब, ना सहब, बदल के रहब

## हमार कोनो बिरादरी नाय, हम हिंदू बनके वोट करब : रवि किशन

- सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** ना कहब, ना सहब, बदल के रहब हम हिंदू हैंय, हमार कोनो बिरादरी नाय,हम हिंदू बनके वोट करब, के साथ भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा के दौरान बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोरखपुर के भाजपा सांसद रवि किशन ने जोरदार शुरूआत की। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व बने सरकार के कार्यकाल में लव जिहाद, धर्मांतरण, घुसपैठी चरम सीमा पर है। आदिवासियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है साथ ही साथ चुनाव के समय किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया इसलिए झूठी सरकार आने वाले दिनों में भी कोई भी वादा पूरा नहीं करेगा।

इसलिए हम सभी को एकजुट होकर वोट करना है और राज्य में भाजपा की सरकार बनाना है और यह मैं वादा करता हूं की अष्टभुजी मां के आशीर्वाद से अगर भाजपा की सरकार प्रदेश में बन गई तो मोदी जी स्वर्ग बना देंगे और अगर स्वर्ग नहीं बना पाए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। आज उत्तर प्रदेश में 12:00 बजे रात भी बिटिया निर्भीक होकर स्कूटी से घूमती है वहां ना कोई जिहादी है नहीं कोई भ्रष्टाचारी और न ही कोई धर्म परिवर्तन होता है। क्योंकि वहां योगी के साथ-साथ डबल इंजन की सरकार है। और बम बम बोल रहा है काशी, ओम नमः शिवाय, पार्वती पदे हर हर महादेव, भारत माता की जय, अष्टभुजी माई की जय, के साथ अपने संबोधन की समापन की।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन के राज में आपके रामनवमी सरस्वती विश्वकर्मा जैसे विभिन्न धार्मिक दिवसों पर पत्थर चलने का काम किया जा रहा है तथा सिर्फ हिंदुओं को टारगेट कर परेशान किया जा रहा है जिसका समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से सरकार का है जिसे उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने 2019 में जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया। झूठी सरकार को उखाड़ फेंके। परिवर्तन यात्रा की अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन दामोदर सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन आदित्य साहू सोनी ने किया।

मौके पर जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, राजेश गुप्ता, शिवलाल महतो, जयनारायण प्रसाद,अनिल मिश्रा, सत्येंद्र सिंह,राजू साव,मूलचंद साव, टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया रंजीत कुमार, जुगनु सिंह, योगेश दांगी, संतोष शर्मा, रमन अग्रवाल, संजय सिंह लक्ष्मी कुशवाहा,किशोर राणा,पूनम साहू शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता, नरसिंह प्रसाद, अशोक साव, राजकिशोर साव, कजरु साव, रामपति राम,अरुण मालाकार, प्रीतम साहू,भीखन महतो, सच्चिदानंद पांडे, श्रीकांत निराला,किशोर कुमार, उदय मेहता, समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

पत्रांक————————/ डोमचाँच/दिनांक–26.09.2024/

**E-Tender Notice**
(Through E-Procurement mode only
https://jharkhandtenders.gov.in)
E-Tender Refernce No. UDD/KODERMA/DNP/11/2024-25

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction of 9 KLD faecal Sludge Management in Municipal Area of Domchanch Nagar Panchayat. |
| 2 | Estimated Cost (INR) | 37837600.00 |
| 3 | EMD Fee (INR) | 378376.00 |
| 4 | Tender Fee (INR) | 10000.00 |
| 5 | Time of Completion | 1 Year of Construction Which Comprises 9 Months of Construction and Three Month of Defect Liability Period including one month of Trial Run and Five Years of O&M Post DLP |
| 6 | Date of Publication of Tender on website. | 28.09.2024 AT 5.00 PM |
| 7 | Document Downloading Start Date | 28.09.2024 AT 5.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for receipt bid on online | 17.10.2024 AT 5.00 PM |
| 9 | Date of Opening Tender | 19.10.2024 AT 5.00 PM |
| 10 | Mode of Submission of Bids | e-Tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 11 | Name and Address of Office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat, Domchanch |
| 12 | Helpline No. | 9939465016 |

प्रशासक
PR 337144 Urban Development(24-25).D नगर पंचायत, डोमचाँच

# न्याय यात्रा रांची रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** आदिवासी धर्म गुरुओं के मान सम्मान के रक्षा के लिए दुर्गा महारानी सेना आध्यात्मिक अंग लुगु बाबा सेवा समिति स्वेंभू बजरंगबली सरकार एवं जाहेर थान हेतु न्याय यात्रा गुरुवार को रामगढ़ के पटेल चौक से रांची रवाना हुई। रांची के लिए रवाना होने से पूर्व पटेल चौक रामगढ़ में प्रिंस राज वर्धन ने बताया कि यह न्याय यात्रा बूटी मोड़ से राजभवन तक जाएगी। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। श्री वर्धन ने बताया कि दुर्गा महारानी सेना का आध्यत्मिक अंग लुगु बाबा सेवा समिति है।

दुर्गा महारानी सेना द्वारा गुरु संकल्प के तहत बनाये जा रहें 36 देव धाम (आरोग्य धाम) जहाँ 36 मंदिरों के साथ एक श्रृंखला में जाहेर थान बन रहा है। इसी धाम में धरती से प्रकट स्वेम्भु बजरंगबली सरकार का भव्य मंदिर निर्माण होगा। प्रिंस राज वर्धन ने बताया की मंदिर जमीन पैसा ठगी करने वाला एक व्यक्ति है। पैसा की गारंटी में रखी हुंडई क्रेटा कार जिसे बोकारो सेक्टर 4जी से चोरी हुई थी। दबाव के बाद मामले में अभियुक्त जेल गया। लेकिन बाकी अभियुक्तों को छोड़ दिया गया। महामंत्री रामलाल मांझी ने कहा मुख्यमंत्री को बार बार चिठ्ठी लिखने के बाद भी इसपर कोई कार्रवाई नही हुई। कहा की मंदिर हेतु दान में मिला 850,000 रुपया जिसे धनबाद की मार्केटिंग कंपनी एसवीएम / में निवेश किया गया था। समय पूर्ण होने पर मूल राशी का दो चेक एसभीएम द्वारा क्रमशः 5 लाख एवं 35 हजार का दिया जो की बाउंस हो गया। कहा की बोकारो प्रधान कार्यालय में स्थापित महादेव की मूर्ति के आसपास हड्डी और कुछ अपवित्र कपड़ा फेकने से भी

### श्रीरामचरित्र संस्थान के अध्यक्ष बने रौशन सिन्हा, सोनी बनीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष



**दारु।** श्रीराम चरित्र मानस सेवा संस्थान के दारु प्रखंड इकाई के प्रखंड अध्यक्ष और महिला मोर्चा की अध्यक्ष की घोषणा जिलाध्यक्ष की स्वीकृति के बाद कर दी गई है।प्रखंड के समाजसेवी व जनहित के कार्य मे बढ़चढ़ कर सहयोग करने वाले दारु बक्शीडीह निवासी रौशन सिन्हा को प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया है।महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष रामदेव खैरिका निवासी सोनी कुशवाहा को बनाया गया है। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वेता सिंह ने दोनो नव मनोनीत अध्यक्ष को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि इन दोनो अध्यक्ष के नेतृत्व मे संस्थान द्वारा किये जा रहे है जनहित के कार्यो मे तेजी आएगी और समाजसेवा के माध्यम से जरुरस्तमंद लोगों तक मदद पहुंचेगी। इस मौके पर अध्यक्ष रौशन सिन्हा ने कहा कि सेवा संस्थान के द्वारा उनपर भरोसा कर उन्हे जो जिम्मेवारी सौपी गई है उसे पुरा करने का भरपुर प्रयास करेंगे। इस संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवा का जो बीड़ा उठाया है उसे प्रखंड के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने का वह कोशिश करेंगे। महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी कुशवाहा ने संस्थान के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सोच बहुत ही अच्छी है और वह प्रखंड मे उनकी दूत बनकर जनहित

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या – 01/2024 के आलोक में चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 25–09–2024 को लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। सफल अभ्यर्थियों की कोटिवार सूची दिनांक 26–09–2024 को कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर प्रकाशित कर दी गयी है।

सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं दौड़ दिनांक 28–09–2024 को के0टी0पी0एस0 रोड, बांझेडीह, चन्दवारा, कोडरमा (चन्दवारा थाना के बगल) निर्धारित की गयी है।

सफल अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 28–09–2024 के पूर्वाह्न 6:00 बजे के0टी0पी0एस0 रोड, बांझेडीह, चन्दवारा, कोडरमा (चन्दवारा थाना के बगल) में अपने प्रवेश पत्र एवं रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त,
कोडरमा

PR 337228 District (24-25)_D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची**

(अति अल्पकालीन निविदा)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची में चाय, कॉफी, अल्पाहार एवं भोजन की सुविधा मुहैया कराने हेतु कैंटीन की स्थापना के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची अन्तर्गत परियोजना परिसर में चाय, कॉफी, अल्पाहार एवं भोजन की सुविधा मुहैया कराने हेतु कैंटीन की स्थापना के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।
अतः इच्छुक निविदादाता जिन्हें इस क्षेत्र का अनुभव है वैसे फर्म/संस्था/कंपनी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति का आवेदन अलग–अलग बन्द लिफाफा में राज्य परियोजना निदेशक, राँची को संबोधित करते हुए दिनांक 07.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक हाथों–हाथ के माध्यम से जमा कर सकते हैं। एक लिफाफा के ऊपर Technical Bid तथा दूसरे पर Financial Bid लिखा होना चाहिए।
उक्त निविदा राज्य परियोजना निदेशक, राँची के सभा कक्ष में 07.10.2024 को 5:00 बजे अपराह्न में निविदादाता या निविदादाता द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जायेगा।
नोटः– उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी हेतु jepc.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

ज्ञापांक:AC/02/473/2024/3587 दिनांक:24/09/2024
ह0/–
(आदित्य रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

PR 337099 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D

# बांसगढ़ा खान में माइंस रेसक्यू प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बांसगढ़ा भूमिगत खदान में गुरुवार को सीसीएल की 38वां जोनल माइंस रेसक्यू प्रतियोगिता हुआ। कई एरिया के 11 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रतिभागी टीम के कप्तानों ने रिपोर्ट पेश की। इसके बाद विकास कुमार सुपरिटेंडेट माइंस रेसक्यू ने प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता से प्रतिभा में निखार आएगी। आज तक उन्होंने रेसक्यू को लेकर जो कुछ सीखा और जाना है, उस ज्ञान के माध्यम से आज उन्हें खुद को साबित करना है। आगे ध्वजारोहण के बाद प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद टीम एक एक करके रेस्क्यू उपकरणों से लैस होकर बांसगढ़ा भूमिगत खान में उतरी और प्रतीकात्मक रूप से रेसक्यू अभियान चलाया। इस दौरान फ्रेश एयरबेस और रिकवरी एंड रेस्क्यू इवेंट भी हुए। फ्रेश एयर बेस पर निर्णायक के रूप में डीएमएस आफताब अहमद, डीडीएमएस एजाज मोहम्मद, सुधीर सपोलो, आईएसओ सीबी प्रसाद, आईएसओ राकेश रंजन ने योगदान दिया।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

-:: शुद्धि पत्र ::-

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Supply of two nos. of drivers having at least 3 years of experience in driving light and heavy vehicles for driving Under D.W.&S. Division, Hazaribagh for the year 2024-25 P.R. No.:-336787 को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 2 | Date of Quotation uploading in website | Date:- 25.09.2024 up to 02:00 PM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 01.10.2024 upto 03.00 PM |
| 5 | Quotation Opening Date | Date:- 04.10.2024 at 03.00 PM |

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR 337203 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

e- Procurement Cell
**Office of The Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division, Ramgarh**

**अतिअल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– RE-01/BCD/EE/RAMGARH/ 21 /2024-25 (2nd Call) दिनांक:– 25.09.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Const. of District Control Room at Ramgarh | 1,52,34,600/- | 9 (Nine) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.09.2024 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 06-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07-10-2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

Nodal Officer, e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Ramgarh

PR 337097 Building (24-25)_D

# हाथियों के आतंक से सहमे ग्रामीण घरों को ढाहा और रौंद डाली फसल

**ग्रामीणों ने प्रशासन से लगायी हाथियों को भगाने की गुहार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सदमा व चंदरा पंचायत के कई गांव में ग्रामीण जंगली हाथियों के आतंक से डर सहमे हैं। गुरूवार की भोर में पहुंचे जंगली हाथियों की झुंड ने क्षेत्र के लोगों को मकान उजाड़ दिया। वहीं कई किसानों की धान की फसल को रौंद दिया गया। चंदरा पंचायत के राऊता जारा के मनोज उरांव, राहुल लोहरा, कार्तिक करमाली, बिरसा उरांव, मीना उरांव पंचायत सदमा के ग्राम सदमा निवासी कालेष्वर महतो, महिंद्र मुंडा कल्लू मुंडा, बिशु उरांव, दूनदून के नारायण उरांव, केसर बेड़ा के जेठू उरांव, मनराज महतो, कारू साहू सहित दर्जन भर ग्रामीण व किसानों की मकान व फसल का नुकसान हुआ है। हाथियों के आने व नुकसान पहुंचाने की जानाकरी मिलने पर मुखिया सुनील उरांव व 22 पड़हा अध्यक्ष बाबूलाल महली सहित कई लोग पहुंचे। लोगों को विभाग से मदद दिलाने का आष्वास दिया। बताया जंगली हाथियों ने कई ग्रामीणों के घरों के अलावे लगभग 10 एकड़ खेत में लगे धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। क्षेत्र के लोग हाथियों के आतंक से काफी डरे सहमें हैं। उपस्थित जनप्रतिनिधि के साथ एतवा मुंडा, धनेष्वर मुंडा, लक्ष्मन मुंडा, भगत उरांव, कल्लू मुंडा, सुनील करमाली, सोबरन मुंडा, बुद्धेष्वर मुंडा, कमलेश करमाली ने ग्रामीणों की सुरक्षा की चिंता जताते हुए कहा हाथियों के आतंक से लोगों को अपने घरों रहना मुष्किल हो गया है। प्रशासन से हाथियों भगाने के साथ हुए नुकसान का मुआवजे जल्द दे।



गांव के खेतो में घुसा जंगली हाथियों की झुंड।



पीड़ितों से मिलने पहुंचे मुखिया सुनील उरांव।

## हाथियों ने 30 एकड़ में लगी धान की सफल को रौंद डाला

**राहे।** प्रखंड के होटलों पंचायत अंतगर्त फुलवार गाँव में बुधवार की रात 40 की संख्या में हाथियों का झुंड 50 से अधिक किसानों के करीब 30 एकड में लगे धान फसल को खाया और रौंद डाला। गाँव के ही कालीनाथ मुंडा, अघनु महतो, लोविन मुंडा, रामसिंह मुंडा शिवेशवर महतो, राजेन्द्र अहीर, प्रीत मुंडा, श्रवण महतो लालदेव महतो, फेकला अहीर महीन्द्र मुंडा, लखीमनी देवी, सच्चिदानं महतो, संजय मुंडा वचन लाल महतो आदि के खेतो को बुरी तरह तहस नहस कर दिया। किसान काफी हताश हो चुके हैं। इधर आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो गाँव जाकर नुकसान की जायजा लिया। आजसू नेता ने हेमंत सरकार को जमकर कोसा और कहा कि हाथियों को लेकर सरकार के पास कोई नीति नियम नहीं है। किसानों के हित में कोई पहल नहीं किया गया है। प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ पंचायत अध्यक्ष बुधराम मुंडा, पंचायत प्रभारी संतोष दास, भुवनेश्वर महतो, पिरित मुंडा, अमित महतो, सच्चिदानं महतो साथ थे। वन विभाग से बात कर तत्काल मुआवजा देने की मांग की।

# युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने अस्पताल में मचाया हंगामा

**बरियातू के जेनेटिक सुपर स्पेस्लीटी अस्पताल में चल रहा था इलाज**

खबर मन्त्र संवाददाता



**ठाकुरगांव।** बरियातू स्थित जेनेटिक सुपर स्पेस्लीटी अस्पताल में ईलाजरत थाना क्षेत्र के उरुगुटू निवासी राजेश कुमार महतो (32) की मौत होने के बाद दूसरे दिन ग्रामीणों के हो हंगामे और तालाबंदी के बाद राजेश के शव को परिजनों को सौंपा। जानकारी के अनुसार राजेश की तबीयत खराब होने के बाद परिजन ईलाज के लिए जेनेटिक सुपर स्पेस्लीटी हास्पीटल विगत 20 सितंबर को लेकर गए थे। मौके पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि यहां आयुष्मान योजना के तहत ईलाज किया जाएगा। 20 सितंबर को रात में 9 बजे एडमिट करने के बाद बताया गया कि ईलाज के दौरान दवा खरीद कर लाना होगा, तब परिजन दवा के लिए 70 हजार रुपए लेकर गए और उस पैसा से दवा खरीदा। इस दौरान राजेश की मौत बुधवार को दिन में हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि एक लाख पच्चीस हजार जमा करने के बाद शव मिलेगा. अस्पताल प्रबंधन द्वारा शव नहीं मिलने पर परिजन गांव आ गए और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। गुरुवार को भाजपा नेता कमलेश राम, रणविजय नाथ शाहदेव और अर्जुन महतो के नेतृत्व में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे और शव देने का आग्रह किया। प्रबंधन ने बकाया पैसा मिलने के बाद शव देने की बात कही। इसके बाद ग्रामीण अस्पताल में हंगामा करने लगे तब प्रबंधन ने शव को परिजनों को सौंप दिया। शाम में स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## स्पीड न्यूज

### पेड़ पर फंदा लगा झूल गया युवक, मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के करगे नयाटोला के सरना बगीचा में आम के पेड़ से गांव के ही 35 वर्षीय रवि उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना बुधवार देर रात की है। बताया जाता है रोज की तरह खाना खाकर रवि अपने कमरे में सो गया। बारिश होने के कारन सभी लोग घर पर ही थे। किसी को कुछ पता नहीं चल पाया की कब घर से बाहर निकला। अहले सुबह गांव के लोग के द्वारा पता चला की सरना बगीचा में आम के पेड़ में रवि फांसी का फंदा लगा कर आत्म हत्या कर लिया है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे जिला परिषद के प्रतिनिधि रबुल अंसारी ओर करगे मुखिया रबुल अंसारी ने बताया कि मृतक रवि उरांव पेशे से किसान था रवि के दो छोटे बच्चे और पत्नी हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

### रातू : कमड़े से स्कूटी की चोरी

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी आनंद नगर निवासी मंजु देवी की स्कूटी की अपराधियों ने चोरी कर ली। घटना 25 सितंबर की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, मंजु देवी दिन के करीब 1 बजे क म ड़े श्रद्धानंद स्कूल के समीप रहने वाले रिंकू पांडेय के घर के बाहर गाड़ी खड़ी कर घुमने गयी थीं। शाम को लौटी तो स्कूटी को गायब पायी। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### कांग्रेस कमेटी ने ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष को हटाया

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहु ने पार्टी के ठाकुरगांव मंडल अध्यक्ष रंथेश्वर गिरि को पद से हटा दिया है। जारी पत्र में प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है कि रंथेश्वर गिरि विगत लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। साथ ही उनके द्वारा पारी के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार व पार्टी में पूरी तरह से निष्क्रिय थे। मंडल अध्यक्ष के निष्कासित की सूचना प्रखंड अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष को भी दी है।

### सीसीएल कर्मी का शव पानी भरे गड्ढा में मिला

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के मानकी खेल मैदान के निकट गड्ढे में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव,ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर से मानकी जाने वाले रास्ते मानकी खेल मैदान के पास एक पानी से भरे गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया। अज्ञात व्यक्ति का शव केडीएच परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी प्रेम कुमार सिंह नामक व्यक्ति का बताया जाता है। व्यक्ति बचरा वन विहार कॉलोनी के रहने वाला बताया जाता है। युवक का शव गड्ढे में देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना खलारी पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पहुंच क र शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। इधर परिजनों ने सीसीएल प्रबंधन से मुआवजे और एक परिजन को नौकरी देने की मांग की है।

# डेढ़ साल पहले अपहरण कर चार लाख रुपये में नबालिग को राजस्थान में बेचा, सिकिदिरी पुलिस ने लाया वापस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र की एक नबालिग को राजस्थान में चार लाख रुपए में बेचे जाने के डेढ़ साल बाद सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश पर सिकिदिरी पुलिस ने रेस्क्यू कर नबालिग को वापस लाया है। इन डेढ़ वर्षो में नबालिग की शादी भी करा दी गई। नबालिग का छह माह का एक बच्चा भी है। फिलहाल नबालिग का 164 का बयान दर्ज कराया गया है। सीडब्लूसी में नबालिग का बयान लिया जाएगा। इसके बाद आगे कि करवाई की जाएगी। मामले की जानकारी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री सह सांसद संजय सेठ गुरुवार को सिकिदिरी क्लब बिल्डिंग में पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पीड़िता के माता- पिता ने मंत्री को बताया उनकी नबालिग बेटी जनवरी 2023 से गायब थी। थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परन्तु तत्कालीन थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने सितंबर में मामला दर्ज किया था। इसके बाद भ्ष्टार्चार मुक्ति संघ के सहयोग से पता चला कि नबालिग जयपुर राजस्थान में है। सांसद ने इस संबंध में कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी से बात कर दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए कहेंगे। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि आदिवासियों को एकजुट होकर अपने अस्तित्व की रक्षा करने की जरूरत है। दोषियों को कड़ी सजा मिले। केंद्रीय मंत्री ने सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा एवं भ्ष्टार्चार मुक्ति संघ के पदाधिकारियों की प्रशंसा की। मौके पर जैलेन्द्र कुमार, सत्यदेव मुंडा, अमरनाथ चौधरी, बुधराम बेदिया, सुजीत कुमार सोनी, भ्रष्टाचार मुक्ति संघ के अध्यक्ष मंशु महतो, सचिव अश्वनी तिर्की, सोहरैया बेदिया, सुनील महतो, धनेश्वर बेदिया आदि ने पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है।

**कैसे हुआ खुलास**

इस मामले का खुलासा नबालिग के आधार कार्ड से हुआ। आधार कार्ड में नबालिग की जन्म तिथि में सुधार कराने के बाद यह कार्ड नबालिग के घर के पते पर उसके घर पहुंचा। आधार कार्ड में फोन नंबर अंकित था। उस नंबर पर फोन करने के बाद घर वालों की नबालिग से बात हुई तो मालूम हुआ कि वह जयपुर राजस्थान में है। उसका अपहरण कर लिया गया था। पुलिस को दिए बयान में नबालिग ने बताया कि अपने गांव में वह बकरी चरा रही थी। इसी दौरान एक पुरुष और एक महिला ने उसे कपड़े में बेहोशी की दवा सुंघाकर उसका अपहरण कर लिया था। जब उसे होश आया तो वह ट्रैन में थी। महिला व पुरुष ने जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। उसके फोन को भी तोड़कर फेंक दिया गया। इसके बाद उसे राजस्थान के जयपुर ले जाकर एक सुनसान घर में रखा गया। इसके बाद दोनों महिला पुरुष ने नबालिग के माता - पिता नहीं होने और स्वयं को उसका मौसा-मौसी बताकर चार लाख रुपए लेकर मार्च 2023 में एक व्यक्ति से उसकी शादी करा दी। नबालिग की उम्र 22 वर्ष बताई गई। जब उस व्यक्ति ने उसके आधार में उम्र कम देखा तो पूछने पर उसे जन्म तिथि गलत होने की बात बताई गई। तब आधार कार्ड को सुधारवाया गया। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस 25 सितंबर नबालिग और तथाकथित पति को रेस्क्यू कर वापस लाई। इसी वर्ष जनवरी में नबालिग ने एक बच्चे को जन्म दिया है।

# भारत गैस एजेंसी के मालिक के घर में डाका, डेढ़ लाख कैश ले गये अपराधी

**मामला दर्ज**

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग में भारत गैस एजेंसी के घर में अहले रात्रि अज्ञात अपराधियों ने बंधक बनाकर डकैती कर घटना का अंजाम दिया। गैस एजेंसी संचालक श्रीभगवान सिंह ने बताया कि अपराधी 26 सितंबर की भोर लगभग 3 बजे अज्ञात हथियारबंद अपराधी पीछे के तरफ 10 फिट का बाउंड्री फांद कर पांच की संख्या में घर के बालकोनी के तरफ से अंदर घुस गए। उसके बाद अपराधियों ने घर के व्यक्तियों को हथियार दिखाकर धमकाना शुरू कर दिया। घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद करके बंधक बनाकर आराम से लूटकांड का शिलशिला लगभग डेढ़ घण्टा तक चलता रहा। अपराधियों ने पहले घर के सदस्यों का मोबाईल लूट कर रख लिया। उसके बाद बड़े ही शिष्टाचार भाव से घर में रखे गहने पैसा के बारे में पूछताछ करने लगे। अपराधियों ने घर के अलमारी का लॉक खोलकर लगभग डेढ़ लाख कैश लूटकर भाग गए। अपराधियों ने घर में लगे सीसीटीवी का डीबीआर भी अपने पास लेकर चंपत हो गये। अपराधियों ने लूटपाट कर निकलते समय घर के सदस्यों का मोबाइल लेकर निकलने से पहले ये भी बता दिया कि आपलोगो का मोबाइल घर के बाउंड्री के अंदर छोड़ के चले जायेंगे। पांच अपराधियों में से तीन अपराधियों के पास देसी कट्टा अथवा मंकी कैप पहनकर घुसे थे। घटना की सूचना अहले सुबह मैक्लुस्कीगंज थाना को दिया गया। उसके बाद पुलिस मामला दर्ज करते हुए घटना का जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

## ग्रामीणों ने की ट्रांसफारमर बदलने की मांग

**अनगड़ा।** रांची जिला ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष उमेश बाड़ाईक ने गुरुवार को डोरन्ज कुसई क्लोनी में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियन्ता डीएन साहु तथा कार्यपालक अभियन्ता राजेश कुमार मंडल से मिलकर प्रखंड के जोन्हा अमरूद बगान और बैजनाथ टाटा में खराब ट्रांसफार्मर को बदलने चिलदाग में काफी नीचे झूल रहे बिजली का नंगा तार को ठीक करने मासू मिलन चौंक में बिजली का पोल लगाने इत्यादि की मांग की । अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर उक्त सभी मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# रातू : विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर विद्यार्थी किये गये पुरस्कत

**निदेशक ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के गुटवाटोली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हेल्थ में विश्व फार्मासिस्ट दिवस की धूम रही। संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व वक्ताओं ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में फार्मेसिस्ट के योगदान पर प्रकाश डाला। यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हेल्थ डिप्लोमा इन फामेर्सी कोर्स का संचालन किया जाता है। पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का संचालन राहुल कुमार ने किया। संस्थान के निर्देशक कुमार सौरभ व प्राचार्य संजय मिश्र की ओर से छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट की गयी। सद्दाम अंसारी ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस बीच विद्यार्थी बेहद उत्साहित नजर आये।

# खड़देवरी में हड़गड़ी स्थल की घेराबंदी अधूरा रहने पर ग्रामीणों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करकरी पंचायत के खड़देवरी पतराटोली गांव में हड़गड़ी स्थल के घेराबंदी के निर्माण कार्य को संवेदक द्वारा आधा अधूरा करके छोड़ दिए जाने से ग्रामीण में भारी आक्रोश। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थल के निर्माण कार्य के पूरा न होने से लोगों ने नाराजगी जताई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च करके घेराबंदी के कार्य को अधूरा करके छोड़ दिया है। विभाग व संवेदक की लापरवाही से घेराबंदी का कार्य पूरा नहीं हो सका है। पिछले एक वर्ष से अधिक समय से घेराबंदी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसना, झखरा, धुमकुरिया, अखरा, सरना एवं हड़गड़ी का घेराव किया जा रहा है। जिससे झारखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित व विकसित किया जा सके। वहीं इसके निर्माण कार्य में लगे जिम्मेदारों द्वारा भारी लापरवाही बरती गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कारवाई की मांग किया है। साथ ही ग्रामीणों ने कल्याण विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारियों से इस स्थल के घेराबंदी के कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराने की मांग किया है।

## नगड़ू गांव को जैलेंद्र कुमार देंगे दो तड़ित चालक

**अनगड़ा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार नगड़ू के ग्रामीणों को दो तड़ित चालक देंगे । बुधवार को राजयसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व विधायक राम कुमार पाहन पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार अमरनाथ चौधरी नगड़ू ग्राम निवासी मृतक सत्येंद्र महतो के परिजनों से मिलने गए थे। उसकी मौत पिछले दिनों ठनका की चपेट में आने से हो गई थी । ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव ठनका प्रभावित जोन बन गया है। पिछले पांच वर्षों में बज्रपात से चार लोगों की मौत और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके है। ग्रामीणों ने राज्य सभा सांसद से गांव में तड़ित चालक लगाने की मांग की। राज्य सभा सदस्य ने एक उच्च कोटि का तड़ित चालक लगाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मौके पर उपस्थित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को तत्काल दो तड़ित चालक देने की घोषणा की। कहा कि शुक्रवार को ग्रामीणों को तड़ित चालक सौंप दी जाएगी। ग्रामीण श्रमदान कर गांव में दो जगहों पर इसे लगाएंगे।

## एक नजर में

### पुंडीदीरी में भारी बारिश से ढह गया घर



**तमाड़।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र में लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण ग्रामीण सड़कें जल मग्न हो गये है। नदिया उफान पर है मूसलाधार बारिश के कारण पुंडीदीरी निवासी सोमेश्वर दास का घर गिर गया है। घर गिर जाने से भुक्तभोगी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने जल्द उचित मुआवजा देने की मांग क ी है।

### मारांगकिरी गांव में बारिश से घर गिरा



**सोनाहातू।** क्षेत्र में लगातार रूक-रूक कर हो रहे बारिश के कारण प्रखंड के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी गांव के 98 वर्षीय मो० झुनी देवी पति स्वर्गीय हारू महतो का घर गिर गया है। घर के गिर जाने से मो० झुनी देवी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि मेरा घर आधा गिर गया है काफी पुराना खपरेल का घर है, जिसमें ईंटा और मिट्टी से जोड़ाई किया हुआ है इस तरह लगातार बारिश होने से घर पूरी तरह गिरने का सम्भावना है। अगर घर गिर गया तो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### विधायक सुदेश महतो ने पूर्व प्रमुख के परिजनों से किया मुलाकात

**राहे।** प्रखंड के पूर्व प्रमुख 43 वर्षीय दुर्लभ सिंह मुंडा के निधन की सूचना पर विधायक सुदेश महतो तोडांग गांव जाकर पूर्व प्रमुख के परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किये। इस दौरान विधायक ने मृत आत्मा को श्रद्धांजलि भी दिए। परिजनों को आश्वस्त किया की दुख में साथ है।इस क्रम में विधायक ने कोकरडीह गांव के फुटबॉल खिलाड़ी 23 वर्षीय केशव लोहारा के सड़क दुर्घटना पर हुई मौत पर परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किए। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोक्ता, संतोष प्रमाणिक, संजय मुंडा, किरिटी महतो, मयूक भूषण महतो, अमूल्य मेहता, गदाधर महतो, अभिषेक साहू मौजूद थे।

# संस्कृति की रक्षा समाज के युवाओं की जिम्मेवारी : शाहदेव

**मंडली ने बिखेरी नृत्य कला की छटा**

**मांदर की थाप पर थिरक उठे युवा**

**रातू के बाजपुर में लगा जितिया जतरा महोत्सव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि आदिवासी संस्कृति की रक्षा समाज के युवाओं की जिम्मेवारी है। वह बाजपुर स्कूल मैदान में आयोजित जितिया जतरा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पूर्व जिप सदस्य और सामाजिक अगुआ अमर उरांव ने लोगों से संगठित होने का आह्वान किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, मुखिया सविता तिर्की, नगड़ी की जिप सदस्य पुनम देवी, सरपंच दिनेश उरांव, रेणु तिर्की, चारे भगत व सुकरा उरांव ने भी अपनी बातें रखी। जतरा में दर्जनों खोड़हा मंडली पारंपरिक वेश-भूषा में गीत-नृत्य प्रस्तुत कर कला की छटा बिखेरी। युवक और युवती मांदर की थाप पर थिरक उठे।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

बजरंग मुंडा, कुलदीप उरांव, अनुज तिर्की, सुनिल उरांव, तुरी उरांव, एतवा उरांव, सोनू गोप, अविनाश उरांव, जीतू उरांव, दिलीप उरांव, पप्पू उरांव, संदीप उरांव, रूपेश महली, अनिल उरांव, विजय उरांव, बिरसा मुंडा, सजीब राय, सुलतान राय, शशिकांत पाठक, अशोक महतो, धोचा पाहन, चरका उरांव, चमरा उरांव, लखन उरांव, गंगू उरांव, चारो, सचिदानंद मिश्र, रामू मिश्र, कामेश्वर पाठक, महेश्वर पाठक, सुभान राय, व दु ःखु उरांव आदि।

**खोड़हेधारी हुये पुरस्कृत**

अतिथियों ने खोड़हेधारियों को पुरस्कृत कर त्योहार की बधाई दी। आयोजन समिति की ओर से खोड़हा प्रमुख भी सम्मानित किये गये। इससे पूर्व पाहन एतवा उरांव ने जतरा खूंटा की पूजा-अर्चना की। जतरा में आये ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आये। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। जतरार्थियों ने मिठाई आदि की खरीदारी की। ठेला-खोमचा व चाऊमीन वालों की चांदी रही। संचालन पूर्व मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल उरांव ने किया।

# बांग्लादेश के खिलाफ क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

- टेस्ट में 14 बार हुई है भारत-बांग्लादेश की टक्कर
- एक भी मैच में टीम इंडिया को नहीं मिली है हार
- घरेलू मैदान पर सभी मैचों में मिली भारत को जीत

एजेंसी

**कानपुर।** भारतीय टीम 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच खेलेगी। कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे श्रृखंला के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। ग्रीनपार्क मैदान पर करीब तीन साल के अंतराल के बाद होने वाला यह टेस्ट मैच भारत के लिये न सिर्फ आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने का अवसर होगा बल्कि नवंबर में शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे के लिये टीम की तैयारियों को परखने का मौका देगा।दोनों टीमों ने कानपुर पहुंचने के बाद ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टीम इंडिया ने चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पहला टेस्ट 280 रनों के बड़े अंतर से जीता था। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अब दूसरा टेस्ट जीतकर टीम इंडिया बांग्लादेश को क्लीन स्वीप करने उतरेगी। कानपुर, साल 2021 के बाद पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। 2021 में न्यूजीलैंड ने एक रोमांचक मुकाबले में भारत के खिलाफ ड्रॉ खेला था।



### भारत-बांग्लादेश टेस्ट के आंकड़े

भारत ने टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ 14 मुकाबले खेले हैं। ऐसा पहली बार होगा जब भारत और बांग्लादेश कानपुर में एक टेस्ट में आमने-सामने होंगे। भारत का कानपुर में रिकॉर्ड काफी मजबूत रहा है। उसने यहां 23 टेस्ट में केवल तीन मैच गंवाए हैं। हालांकि, वे सिर्फ सात मैच जीतने में सफल रहे हैं, जबकि अधिकांश 13 टेस्ट ड्रॉ में समाप्त हुए हैं।



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, यश दयाल।

**बांग्लादेशः** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शाकिब अल हसन, महमूदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शदमान इस्लाम, मेहदी हसन मिराज, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर), लिटन दास, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, सईद खालिद अहमद, जाकेर अली।

**कैसा रहेगा मौसम** कानपुर में दूसरे टेस्ट के पहले तीन दिनों के दौरान मौसम खराब होने की उम्मीद है। इस दौरान बारिश की भी संभावना है। टेस्ट के पहले दिन यानी 27 सितंबर को 99% बादल छाए रहने के साथ बारिश की 93% संभावना है। पूरे दिन बारिश होने की संभावना है, जो शाम तक और तेज हो जाएगी। टेस्ट मैच के दूसरे दिन ने बादल छाए रहने की संभावना 80 प्रतिशत और बारिश की 28% संभावना है। इस बीच तीसरे दिन 59 प्रतिशत बादल छाए रहने के साथ बारिश की 75 प्रतिशत संभावना है। चौथे और पांचवें दिन मौसम काफी साफ हो जाएगा, बारिश की संभावना बहुत कम है।

**पिच रिपोर्ट** कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम की पिच तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के लिए मददगार होने की उम्मीद है। इसे शुरूआती दौर में तेज गेंदबाजों और मैच के आगे बढ़ने पर स्पिनरों की मदद करने के लिए तैयार किया गया है। ग्रीन पार्क के क्यूरेटर ने बुधवार को बयान दिया था और कहा था कि पिच पहले दो सत्र में तेज गेंदबाजों और आखिरी तीन दिनों में स्पिनरों की मदद करेगी। क्यूरेटर शिव कुमार ने कहा, 'इसमें चेन्नई में हुए मैच जैसा अहसास होगा। इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ होगा। पहले दो सत्रों में उछाल मिलेगा और पहले दो दिनों में बल्लेबाजी के लिए यह काफी अच्छा रहेगा। फिर आखिरी तीन दिनों में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी।

**प्लास्टिक का कम उपयोग** ग्रीन पार्क की पिच के लिए काली मिट्टी हमेशा की तरह उन्नाव के पास गांव से मंगाई गई है जो कानपुर से 23 किमी दूर है। काली मिट्टी से बनी पिचें पारंपरिक रूप से स्पिनरों की मदद करती हैं, जबकि लाल मिट्टी तेज गेंदबाजों की मदद करती है। पिच के धीमे रहने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के एक अधिकारी ने कहा, टहम इस मिट्टी का जांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से करवाते हैं। यह एक विशेष मिट्टी है जो काली मिट्टी गांव के एक तालाब के पास पाई जाती है। हम वर्षों से गांव से काली मिट्टी लाते रहे हैं। यूपीसीए ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए दूसरे टेस्ट के दौरान प्लास्टिक के उपयोग को काफी कम करने का फैसला किया है। यूपीसीए ने स्टेडियम के अंदर स्नैक्स परोसने के लिए प्लास्टिक की प्लेटों पर प्रतिबंध लगा दिया है और केवल कागज की प्लेटों की अनुमति दी जाएगी। स्टेडियम के निदेशक संजय कपूर ने कहा, 'यह ग्रीन पार्क में होने वाला मैच है और हम इसे ग्रीन मैच बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने जितना संभव हो सके उतना कम प्लास्टिक का उपयोग करने का फैसला किया है।

## भारत के खिलाफ माइंड गेम खेल रहा है आस्ट्रेलिया

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली का मानना है कि आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले 'माइंड गेम' खेल रहे हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता को लेकर उत्साह की लहर शुरू हो गई है क्योंकि सीरीज नवंबर में शुरू होने वाली है। हाल ही में आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कप्तान रोहित शर्मा, दिग्गज विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह से आगे ऋषभ पंत को बल्लेबाज के रूप में चुना है। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने कुछ सीरीज में बड़ा प्रभाव डाला है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। इस पर बासित अली का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया माइंड गेम खेल रहा है और भारत की अनुभवी तिकड़ी उनके विचारों में रहेगी। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'वे माइंड गेम खेल रहे हैं।

## शतरंज ओलंपियाड चैंपियंस पर हुई करोड़ों की बारिश, मालामाल हुए सभी खिलाड़ी

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ को एक सम्मान समारोह के दौरान ऐतिहासिक 45वें ओलंपियाड विजेता भारतीय टीमों को पुरस्कार स्वरूप 3 .2 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। एआइसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये दिए जाएंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर (जीएम) दिब्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोचों को 7 .5 लाख रुपये दिए जाएंगे . एआईसीएफ के अध्यक्ष नारंग ने कहा, 'स्वर्ण की भूख खत्म हो गई, लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन सेक्शन में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने दबदबा बनाया।

## विश्व कप जीतने के प्रबल दावेदारों में भारत

नयी दिल्ली। आस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लीजा स्थालेकर का मानना है कि भारत आगामी महिला टी20 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंच सकता है बशर्ते उसके सलामी बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करें। भारतीय मूल की इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में एबीसी-इंटरनेशनल डेवलपमेंट के पांच दिवसीय क्रिकेट कमेंट्री और मोजो कार्यक्रम में कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में होगी जिसका लक्ष्य लगातार चौथी बार खिताब जीतना है। इंग्लैंड की तैयारियां भी पुख्ता है।

# शाकिब ने टेस्ट और टी20 से लिया संन्यास

एजेंसी

**कानपुर।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कानपुर में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से टी-20 और टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। कानपुर टेस्ट से पहले संवाददाता सम्मेलन में शाकिब ने कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट की अपनी भविष्य पर चर्चा की है। यह मेरा आखिरी टेस्ट श्रृंखला हो सकती है। हां, अगर अवसर मिलता तो मैं मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। उन्होंने कहा, बोर्ड भी यह सुनिश्चित करने का पूरी प्रयास कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं। इसके अलावा अगर कभी आवश्यक हो तो मैं देश से बाहर भी निकल सकूं। ऐसे में अगर वह मीरपुर टेस्ट नहीं ले पाते है तो कानपुर टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट मैच होगा। उन्होंने इस साल जून में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ आखीरी टी-20 मैच खेला था।



उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश का नागरिक हूं, इसलिए बांग्लादेश वापस जाने में मुझे कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन वहां पर अपनी सुरक्षा के लिए मैं और मेरा परिवार चिंतित है। मुझे उम्मीद है कि चीजे बेहतर होंगी और इसका कुछ उपाय होना ही चाहिए। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश घरेलू जमीं पर अगली टेस्ट श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका के सात अक्तूबर में होगी। शाकिब ने अब तक 70 टेस्ट मैच में 4600 रन बनाये और 242 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम 7570 एकदिवसीय रन और 317 विकेट है। उन्होंने 129 टी-20 में 2552 रन तथा 149 विकेट लिये हैं। वह वर्तमान समय में तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में एक माने जाते हैं।

## टी-20 विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे: दीप्ति शर्मा

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा है कि हम बिना किसी दबाव के टी-20 विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। दीप्ति ने कहा, किसी भी खिलाड़ी के लिए विश्वकप एक बड़ा टूनामेंट है और निश्चित रूप से दबाव होगा, लेकिन व्यक्तिगत रूप से पुरुष टीम की विश्व कप जीत से मैं बहुत प्रेरित हूं। हमने पिछले कुछ सीरीज और टूनामेंट में अच्छा किया है और हम यहां भी अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। मैं इसे दबाव नहीं कहूंगी।

## श्रीकांत ने मकाऊ ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**मकाऊ।** भारत के दिग्गज शटलर किदांबी श्रीकांत ने मकाऊ ओपन 2024 में इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को हराकर पुरुष एकल स्पर्धा के प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। मकाऊ ईस्ट एशियन गेम्स डोम में 35 मिनट तक चले मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत ने राउंड ऑफ 32 में इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को 21-14, 21-15 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई।

# दिल्ली, झारखंड, उप्र, ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने मुकाबले जीते

एजेंसी

**चंडीगढ़।** 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हरियाणा ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की हैं। गुरुवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 42 स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में सुबह पूल एच के मुकाबले में दिल्ली हॉकी ने पुडुचेरी हॉकी को 10-0 से हराया। मैच के दौरान नमन शर्मा ने (चौथे, 41वें मिनट) और ताशु ने (15वें, 55वें मिनट) ने दो गोल किए। जबकि अनिल कुमार ने (18वें), उदय रंधावा ने (23वें), आर्यन ने (28वें), नैतिक राणा (51वें), उत्तम (59वें) और सुशांत सेहरावत ने (60वें मिनट) गोल किए। वहीं पूल एच के एक अन्य मुकाबले में हॉकी झारखंड ने हॉकी हिमाचल पर 6-0 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला पहले हॉफ में गोल रहित रहा। जबकि दूसरे हाफ में झारखंड के फगुवा होरो ने (41वें, 43वें मिनट) में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। निकोलस टोपनो (42वें), गंगा टोपनो ने (51वें), रोहित प्रधान ने (56वें ) और भेंगरा



ग्लेडशन ने (58वें मिनट) गोल किये। पूल ए में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 18-0 से रौंदा। इस मैच में राघवेंद्र सिंह चौहान (12वें, 14वें, 17वें, 23वें, 26वें, 42वें, 44वें मिनट) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए। कप्तान केतन कुशवाह (18वें, 23वें, 27वें) ने हैट्रिक बनाई, जबकि अली शाहरुख ने (दूसरे, 43वें), उज्ज्वल पाल ने (25वें, 30वें) और राजभर प्रहलाद ने (34वें, 51वें) ने दो-दो गोल किए। मोहम्मद आतिफ रेनी ने (45वें) और मोहम्मद आकिब रेनी ने (48वें) मिनट में गोल दागे। पूल बी के मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी राजस्थान को 15-0 से हराया। ओडिशा की ओर से सलमान लाकड़ा ने (30वें, 35वें, 60वें मिनट) गोलकर हैट्रिक बनाई। डैडेल जे स्टेनली ने (तीसरे, 28वें), रितिक लाकड़ा ने (15वें, 27वें) और सुजीत बारला (12वें, 39वें) ने दो-दो गोल किए। आलोक कुजूर (नौं), बिशाल कैथा (11वें), आशीष कुमार टोप्पो ने (19वें), मिथलेस केरकेट्टा ने (23वें), अमित किरो ने (49वें) और सलीम बिलुंग ने (57वें) गोलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

हॉकी हरियाणा ने पूल सी के मुकाबले में तेलंगाना हॉकी को 9-0 से हराया। हरियाणा कप्तान अंकुर रॉय (तीन, 39वें, 51वें मिनट में) गोल किये। रोहित सिंह ने (35वें, 42वें), अंकुश ने (12वें), निखिल ने (29वें), हैप्पी ने (59वें) और रौनक राणा ने (60वें मिनट) में गोल किए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम में मेरा स्वप्निल पदार्पण था : गुरजोत

एजेंसी

**बेंगलुरु।** 19 वर्षीय गुरजोत सिंह ने हाल ही में चीन के मोकी में आयोजित हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया। युवा फॉरवर्ड को साई में ट्रायल के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद जूनियर टीम से बुलाया गया था, जबकि हरमनप्रीत और उनकी टीम ओलंपिक के लिए पेरिस में थी। गुरजोत ने हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के सभी 7 मैच खेले और हालांकि वह एक भी गोल नहीं कर पाये, लेकिन उन्होंने खुद को साबित किया और मैदान पर बहुत समर्पण और कड़ी मेहनत दिखाई। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में गुरजोत ने कहा, सीनियर टीम में माहौल बहुत अच्छा है, सभी सीनियर बड़े भाइयों की तरह हैं जो ज्यादातर समय माहौल को हल्का रखते हैं। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मेरा डेब्यू एक सपने जैसा था। मैं चीन के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित था, मुझे लगा कि मैं अपने डेब्यू पर गोल करूंगा, लेकिन भले ही मैं गोल न कर सका, लेकिन मैंने खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और यह एक अच्छा प्रदर्शन था। खेल से पहले हरमनप्रीत सिंह ने मुझे आश्वस्त किया कि ज्यादा सोचने या डरने की जरूरत नहीं है; मुझे बस वैसा ही खेलना है जैसा मैं आमतौर पर कैंप में खेलता हूं, आजादी से खेलना है और गलतियां करने के बारे में नहीं सोचना है। गुरजोत पंजाब के एक छोटे से गांव हुसैनाबाद से हैं। उनके पिता पास के एक गांव में दूधवाले हैं, उनकी मां गृहिणी हैं और उनकी बहनें अपनी पढ़ाई कर रही हैं। बचपन में गुरजोत बहुत शरारती थे। जब वह 6 साल के थे, तब उनकी साइकिल दुर्घटना हो गई थी, जिससे उनकी जान को खतरा था। दुर्घटना में उनके सिर के पिछले हिस्से में सात टांके लगे थे। उस दुर्घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा, दुर्घटना के बाद, कुछ सालों तक मुझे थोड़ी कमजोरी रही, लेकिन जब मैं 10 साल का हुआ, तो मैं पूरी तरह से ठीक हो गया और



पास के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने लगा। स्कूल में, मैंने देखा कि हॉकी खेलने वाले बच्चों को थोड़ी ज्यादा आजादी मिलती थी। वे क्लास में देर से आते और अभ्यास के लिए थोड़ा जल्दी चले जाते, इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न इस खेल में हाथ आजमाया जाए। 2020 तक गुरजोत को अपने पिता का हाथ बंटाने के लिए चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करना पड़ा। वह सुबह अभ्यास करते और रात में काम। उसी साल बाद में, एक स्थानीय टूनामेंट में, गुरजोत का सामना भावी टीम के साथियों अभिषेक और सुखजीत से हुआ। खेल के दौरान उन्हें यह भी बताया गया कि राउंडग्लास हॉकी अकादमी अगले दिन ट्रायल आयोजित करेगी। गुरजोत ने अपना बैग पैक किया और जालंधर में ट्रायल में कोचों को प्रभावित करने के लिए निकल पड़े। राउंडग्लास हॉकी अकादमी के खिलाड़ी के रूप में, गुरजोत ने भोपाल में पहली हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2021 में खेला और चयनकताओं का ध्यान आकर्षित करके भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में जगह बनाई। तब से वह 2023 सुल्तान ऑफ जोहोर कप, पुरुष हॉकी एशिया कप सलालाह 2023, एफआइएच हॉकी विश्व कप ओमान 2024 और हाल ही में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेल चुके हैं। 12वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2024 और पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 के साथ, गुरजोत ने अपना ध्यान वापस जूनियर टीम पर केंद्रित कर लिया है। उन्होंने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी सीखने का एक अच्छा अनुभव था, मुझे सीनियर टीम की मांगों के बारे में पहले से पता था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह मेरे लिए एक स्वप्निल शुरूआत थी, क्योंकि हमने सभी मैच जीते और खिताब भी जीता, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है और बहुत कुछ सुधार करना है। मुझे सर्कल में अपने मूवमेंट पर काम करना है, विरोधियों पर दबाव बनाने में तेज होना है और गेंद पर अपनी गति बढ़ानी है। उन्होंने अंत में कहा, मेरे माता-पिता ने कुछ कठिन समय देखे हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। चीन में हमारी जीत के बाद हमें मिले नकद पुरस्कार से मुझ पर उनके विश्वास को चुकाने में सक्षम होना बहुत अच्छा लगा। 12वां सुल्तान जोहोर कप 2024 और पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 जल्द ही आ रहे हैं और मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सीनियर टीम के साथ सीखी गई चीजों को लागू करना चाहता हूं।

## भारत ने रोमांचक मुकाबले में आस्ट्रेलिया को सात रनों से हराया

**पुडुचेरी।** रुद्ध पटेल (77) और मोहम्मद अमान (71) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने गुरुवार को खेले गये तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को सात रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया का सुपड़ा साफ कर दिया हैं। 325 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 के स्कोर पर अपना पहला विकेट जैक कर्टेन (3) के रूप में गवां दिया। साइमन बड्ज (32) को हार्दिक राज ने आउट किया। इसके बाद कप्तान ओलिवर पीक और स्टीवन होगन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 180 रन जोड़े। 41वें ओवर में हार्दिक राज ने स्टीवन होगन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आपके हेमंत भइया आप बहनों को धनवान बना रहे तो भाजपा को पच नहीं रहा : कल्पना सोरेन

- बहरागोड़ा में झमाझम बारिश के बीच महिलाओं ने किया कल्पना और बेबी देवी का इंतजार
- मंच पर आते ही बारिश में छाता संभालती महिलाओं ने तालियां बजा किया स्वागत
- कल्पना ने मुक्त कंठ से की विधायक समीर महंती की सराहना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बहरागोड़ा/ जमशेदपुर।** गुरुवार को बहरागोड़ा शाखा मैदान में मैया सम्मान यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री बेबी देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गांडेय निर्वाचन क्षेत्र के विधायक सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के धर्मपत्नी कल्पना सोरेन एवं बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर महंती उपस्थित थे।

इससे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री देवी देवी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मैया सम्मान योजना के तहत आपके खाते में हर माह 1000 रुपये डाल रही है डाल रहे हैं इससे आप लोग खुश हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार राज की 18 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को हर माह 1000 उनके खाते में डालकर महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहा है।



बहरागोड़ा में बारिश के बीच महिलाओं को संबोधित करती सीएम हेमंत सोरेन की विधायक पत्नी कल्पना सोरेन।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक कल्पना सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि मैया सम्मान योजना के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1000 करके महिलाओं को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर माह पैसे देने से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने से भारत के जनता पार्टी को तकलीफ हो रही है। उन्होंने कहां की भाजपा को तकलीफ हो रही है इसलिए हुए इसके विरोध में पल करने जाने लगे हैं।

कल्पना सोरेन ने आगे कहा कि यह मैया सम्मान योजना हमेशा चलने वाला है क्योंकि हमारे माताएं बहने को यह योजना पसंद आ रही है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश में आप सब महिलाओं की उपस्थिति इस बात का गवाह है कि हेमंत सोरेन के साथ आप साथ हैं। तभी तो इतनी बारिश के बावजूद भी आप यहां पर डटे हुए हैं।

विधायक कल्पना सोरेन ने बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर महंती का तारीफों का पुल बनते हुए कहा कि मैं आज खुश हूं वे इतनी महिलाओं को एकत्र किये हैं कि यह मैदान छोटा पड़ गया है। इसका सारा श्रेय आपके विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर महंती को जाता है। समीर महंती के नाम से आप तालियां दीजिए। उन्होंने कहा कि आप जिस विधायक को दादा चाचा कहते हैं उनके मेहनत का फल है कि आज यह मैदान में बड़ी संख्या में भीड़ जुटी है। आप लोग इन्हें समर्थन देने आये हैं। विधायक समीर महंती ने कहा कि आज महिलाओं के जन सैलाब ने प्रमाणित कर दिया कि रोटी, माटी और बेटी यहां सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मंत्री यहां पर आकर परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम में कहा था कि यहां झारखंड में माटी रोटी एवं बेटी सुरक्षित नहीं है लेकिन आज का कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं, बहनों ने उपस्थित होकर यह प्रमाण कर दिया कि यहां पर रोटी माटी बेटी तीनों सुरक्षित है।

इस कार्यक्रम 11 बजे था लेकिन चार घंटा बाद 3 बजे मंत्री एवं सड़क मार्ग से यहां पहुंचे।

पूरे कार्यक्रम प्रशासनिक स्तर पर आयोजित किया गया था प्रशासन की ओर से स्वागत के लिए आदिवासी कला संस्कृति भवन के समक्ष खरीद लोग खड़े थे वहां पर मंत्री एवं विधायक को दस्त देकर गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

कस्तूरबा गांधी आवास विद्यालय के विद्यार्थियों ने बैंड बाजा कर उन्हें अभिवादन किया स्वागत किया।

मौके पर 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा आरती के सदस्य आदित्य प्रधान, विश्व स्त्री प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेंद्र हंसदा, गुरुचरण मंडी, 20 सूत्री के सदस्य ललित मांडी, हीरामणि मुर्मू, जिले के उपायुक्त अन्य मित्तल जिले के ऊपर विकास आयुक्त मनीष कुमार, आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल बीडीओ केशव भारती आदि थे।

स्पीड न्यूज



## गोदाम मालिकों को न्याय पाने का अवसर दे प्रशासन : काले

**जमशेदपुर।** दशकों से बसे बमार्माइंस स्थित लाल बाबा फाउंड्री के गोदामों को तोड़ने के न्यायालय के आदेश के पश्चात, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले आज कैलाश नगर व्यवसायिक समिति के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और वहाँ के व्यवसायियों एवं श्रमिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस संबंध में, उन्होंने उपायुक्त महोदय से विनम्र आग्रह करूँगा कि इन व्यवसायियों को कानूनी रूप से न्याय पाने का अवसर अवश्य प्रदान करें। उन्हें पर्याप्त समय मिले ताकि वे उच्च न्यायालय में अपील कर सकें और अपनी आजीविका के संरक्षण के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार कर सकें, जिससे हजारों व्यवसायियों एवं श्रमिकों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

## कंपनी ने जारी की स्थायी होने वाले 325 कर्मचारियों की लिस्ट

**जमशेदपुर।** गुरुवार को टाटा मोटर्स प्रबंधन को ओर से एक लिस्ट जारी किया है जिसमे कुल 325 अस्थायी लोगो का लिस्ट जारी हुआ है। ज्ञात हो कि बोनस समझौते मे युनियन एव प्रबंधन के बीच समझौता हुआ था। जिसमे रोजगार हेतु निम्नलिखित समझौता संपन्न हुआ था। जिसमें अस्थाई से 325 अस्थाई कर्मियों का स्थायीकरण। दिसंबर से पहले अपेरेंटिसशीप निकलना जो 2 साल के अप्रेंटिस करने के बाद 3 साल के डिप्लोमा की उपरांत सीधे परमानेंट हो जाएंगे। और एफ टी ए और टी एम एस टी करके बैठे हुए थे। उनका 3 साल का डिप्लोमा कराया जाएगा। उसके बाद स्थाई तौर पर कंपनी में नियोजन किया जाएगा। इसी समझौते के तहत लिस्ट जारी कर प्रबंधन में समझौते का पहला चरण पूरा किया।

## बीएनएच में इमर्जेंसी एंजियोप्लास्टी से बची वृद्ध मरीज की जान



**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर ने दिल के दौरे से पीड़ित 67 वर्षीय कारू नंदन पाठक की आपातकालीन एंजियोप्लास्टी कर उनकी जान बचाई। चाईबासा के बंदपारा निवासी श्री पाठक को सीने में तेज दर्द और सांस लेने में कठिनाई के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अजय कुमार अग्रवाल और उनकी टीम ने ईसीजी और कोरोनरी एंजियोग्राफी के बाद पाया कि उनकी दो प्रमुख धमनियों में गंभीर रुकावटें हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, तुरंत एंजियोप्लास्टी की गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दिल के दौरे के दौरान समय पर उपचार बेहद महत्वपूर्ण होता है। शीघ्र चिकित्सा सहायता से मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रक्रिया के बाद मरीज पाठक की स्थिति स्थिर हो गई और उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि दुर्भाग्य से, कई लोग मदद मांगने में देरी करते हैं, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो सकती है। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि हम व्यापक और त्वरित देखभाल प्रदान कर मरीजों की भलाई को सर्वोपरि रखते हैं। रोगी देखभाल को अस्पताल की प्राथमिकता बताया।


# कार्तिकनगर और बारीनगर के 65 घरों को मिला भूवापसी का नोटिस, हड़कंप

- सत्ता का दुरूपयोग कर रहे मंत्री रामदास सोरेन के भाई राम सोरेन
- कार्तिकनगर का एक भी घर और मन्दिर नहीं टूटने देगी आजसू पार्टी : आजसू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेल्को अंतर्गत कार्तिक नगर एवं बारीनगर के 65 घरों को पुराने भू स्वामी को जमीन वापस करने के लिए डीसीएलआर कोर्ट का भूवापसी वाद संख्या-01/2016-17 के तहत 26 सितंबर को नोटिस मिलने के बाद बस्ती में हड़कंप मची हुई है। झारखंड सरकार के नवनियुक्त जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन के भाई राम सोरेन ने यह नोटिस भेजवायी है।

इस नोटिस को झारखंड सरकार के इशारों पर किया गया कृत्य बताते हुए आजसू पार्टी ने तीव्र आलोचना की है। आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू





इसी नोटिस से मचा है हड़कंप और घर बचाने की गुहार लगाने डीसी ऑफिस पहुंची महिला।

तिवारी ने इस प्रकरण में वक्तव्य जारी करते हुए नोटिस की टाईमिंग पर सवाल उठाया और कहा कि मंत्री बनने के तुरंत बाद और विधानसभा चुनाव के कुछ ही दिनों पहले इस नोटिस से लोगों को डराकर झामुमो के लोग वोट हासिल करने की मंशा पाले हुए हैं। वर्ष 2016 के मामले में रामदास सोरेन के मंत्री बनने के तुरंत बाद ही कार्तिक नगर के घरों पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं।

अप्पू तिवारी ने विधायक मंगल कालिंदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और कहा कि मंत्री रामदास सोरेन और उनके भाई राम सोरेन पद एवं सत्ता का सरेआम दुरूपयोग कर रहे हैं। कार्तिकनगर और संतोषी मन्दिर को किसी भी हाल में आजसू पार्टी टूटने नहीं देगी। जनता इस तानाशाह सरकार को सत्ता से हटाने के लिए तैयार बैठी है। कहा कि, कार्तिक नगर के घरों को बचाने के लिए आजसू पार्टी हर स्तर पर आंदोलन करेगी। अप्पू तिवारी ने कहा कि 50 साल से अधिक वर्षों से वहां पर घर निर्मित है, ऐसे में पद का दुरुपयोग कर आम जनता को परेशान करना मंत्री एवं उनके भाई की ओछी मानसिकता को दशार्ता है।

इधर तेली समाज के मनोज गुप्ता की माताजी को भी भू वापसी का नोटिस मिला है। मनोज गुप्ता ने बताया है कि मंत्री श्री राम दास सोरेन जी के द्वारा भू-वापसी का केश 2016/17 मे विधायक बनने के बाद किया और मंत्री बनने के बाद नोटिस जारी करवा दिए। इसे ऐसे मे सवाल यह है कि मेरी माता जी और अगल-बगल के 42-45 निवासियों को चंद्रिका सिंह व द्वारिका सिंह के द्वारा जमीन को बेचा गया उसे जमीन की एग्रीमेंट रजिस्ट्री में बहादुर मांझी जी का अंगूठे का निशान है। आज 50-60 साल रहते लोगों का हो गया। इसके बाद जमीन खाली करवाने के लिए नोटिस क्यों किया गया? झामुमो के विधायक सब मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या आज से 50-60 साल पूर्व में थाना या कोर्ट कचहरी या नियम कानून नहीं था वो पहले क्यों नहीं दावा किये?

## नहीं टूटेंगे गोदाम, भाजपा के कारण यह स्थिति पैदा हुई : डॉ अजय कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने गुरुवार को लाल बाबा फाउंड्री स्थित गोदाम मालिकों से मुलाकात कर पूरी स्थिति को समझा। मौके पर उन्होंने कहा कि उपायुक्त सहित वरीय पदाधिकारियों से बात हुई है। वहीं मुख्यमंत्री ने भी आश्वस्त किया है कि अभी गोदाम एवं घर नहीं टूटेंगे। लेकिन इसके लिए हमें कानूनी लड़ाई लड़नी होगी. जिसमें मेरा पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन लोगों को दिया। बातचीत के क्रम में अजय कुमार ने कहा कि यह जानना सबसे ज्यादा जरुरी है कि



आज यह स्थिति क्यों पैदा हुई। इसके लिए जिम्मेवार कौन है। उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास ने 86 बस्तियों को लीज से बाहर कराया था तो इस एरिया को लीज से बाहर क्यों नहीं करवाए. यदि लाल बाबा पाउंड्री लीज से बाहर होती तो कानूनी लड़ाई में हमारा पक्ष मजबूत रहता। लेकिन भाजपा और रघुवर दास ने चालाकी दिखाते हुए सभी 86 बस्तियों को तो लीज से बाहर करा दिया।

## झारखंड, बिहार और ओडिसा में नये स्टोर की चेन खड़ी कर रहा श्रीलेदर्स : सुशांतो डे

रांची के हरमू रोड में नये शो रूम का उद्घाटन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/रांची।** देश का अग्रणी फुटवियर ब्रांड जमशेदपुर आधारित श्रीलेदर्स शुक्रवार 27 सितंबर को रांची में अपना नया शो रुम शुरु करने जा रहा है। यह शो रुम रांची के हरमू रोड में अवस्थित है। श्रीलेदर्स विगत 70 सालों में फुटवियर ब्रांड के रुप में एक स्थापित नाम बन चुका है जो झारखंड,बिहार और ओडिसा में लगातार नये-नये मल्टीपुल स्टोर खोल रहा है।



रांची में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे व फ्रेंचाइजी पार्टनर।

उक्त जानकारी श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री डे ने बताया कि श्रीलेदर्स की स्थापना 70 वर्ष पूर्व 1952 में स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेशचंद्र डे ने जमशेदपुर में की थी। उनका उद्देश्य था आम जनता को उनकी क्रय शक्ति के भीतर आरामदाय और गुणवत्तायुक्त फुटवियर उपलब्ध कराना। आज भी कंपनी अपने संस्थापक के बताये मार्ग पर चलते हुए विश्वमान, वाजिब दाम टैग लाइन पर चलते हुए बिजनेस कर रही है। यहीं कारण है कि श्रीलेदर्स के पास लॉयल कस्टमर बेस है।

## वारिस कॉलोनी में चला स्वच्छता ही सेवा है जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** गुरुवार को वारिस कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मानगो नगर निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी संबंध में विद्यालय में सभी बच्चों के बीच एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मानगो नगर निगम के ब्रांड



एम्बेसडर मुख्तार आलम खान और साथ ही आजादनगर थाना शांति समिति के सदस्य मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

मुख्तार आलम खान ने बच्चों एवं अभिभावकों को अपील की है अपने आसपास कूड़ा कचरा इधर-उधर ना फेक कचरा डस्टबिन में ही डालें या कूड़ा लेने वाले गाड़ी को दें ताकि उसका सही जगह पर निष्पादन किया जा सके और गंदगी से बचें।

## कानूनी रूप से न्याय पाने का दिया जाये मौका: काली शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** कैलाश नगर व्यवसाय समिति, (लाल बाबा फाउंड्री) बमार्माइंस अध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली ने गुरूवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसी के घर और व्यापार को नहीं उजाड़ा जाना चाहिए। काली शर्मा ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया हैं कि व्यवसायियों को कानूनी रूप से न्याय पाने का अवसर अवश्य प्रदान करें। उन्हें पर्याप्त समय मिले ताकि वे उच्च न्यायालय में अपील कर सकें और अपनी आजीविका के



संरक्षण के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार कर सकें, जिससे हजारों व्यवसायियों एवं श्रमिकों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

## लालबाबा फाउंड्री से प्रशासन हटायेगा अतिक्रमण, कई गोदाम किये जायेंगे जमींदोज

- कांग्रेस और भाजपा विरोध में उतरी, दुकानदारों को दिया समर्थन का आश्वासन
- 125 प्रतिष्ठानों पर तोड़-फोड़ का खतरा, सांसद बिद्युत बरन महतो ने की जिला उपायुक्त से वार्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बमार्माइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबाबा फाउंड्री इलाके में बने 125 प्रतिष्ठानों को तोड़े जाने की सूचना पर आज भाजपा, कांग्रेस और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने सख्त विरोध जताया। इन दोनों दलों के नेताओं ने गोदाम मालिकों को भरोसा दिया कि वे



लाल बाबा फाउंड्री पहुंचे सांसद विद्युतबरण महतो व भाजपाई।

उनके साथ हैं और गोदाम टूटने नहीं देंगे। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार और गुंजन यादव प्रतिष्ठान मालिकों से मिलने पहुंचे और उन्हें भाजपा का समर्थन दिया। सांसद विद्युत वरन महतो ने मौके पर पहुंचकर जिला उपायुक्त से दूरभाष पर वार्ता कर उचित समाधान निकालने की बात कही। उन्होंने कहा, यह प्रतिष्ठान यहां के लोगों की रोजी-रोटी का साधन हैं। हम किसी भी कीमत पर इन्हें टूटने नहीं देंगे। प्रशासन को चाहिए कि इन प्रतिष्ठानों के हित में एक समाधान निकाले।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने दुकानदारों को आश्वस्त करते हुए कहा, भाजपा मजबूती के साथ दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों के साथ है। हर आंदोलन में हम उनके साथ खड़े हैं। कई दशकों से हजारों परिवार इन प्रतिष्ठानों से जुड़े हैं, इसे टूटने नहीं देंगे। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि इन प्रतिष्ठानों को तोड़ने के पीछे कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन नेताओं की साजिश है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस इस तरह के भय दिखाकर वोट हासिल करने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता उनकी चाल से भली-भांति परिचित है और भाजपा इसे सफल नहीं होने देगी।

आज सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, गुंजन यादव के साथ संजीव कुमार, चंदन उपाध्याय, नवजोत सिंह सोहेल, दीपक कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह शिंदे, सतबीर सिंह, चंचल भाटिया, सत्येंद्र रजक, रंजित सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, राकेश साहू, राजा, आकाश सिंह और अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अमेरिका की रंभा सिंह और कुमार अजय को महाराणा प्रताप शौर्य सम्मान



**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन (महासभा) की ओर से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए अमेरिका से पधारी महाराणा ग्लोबल एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका की संस्थापक अध्यक्ष रंभा सिंह और संरक्षक कुमार अजय सिंह को महाराणा प्रताप शौर्य सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह और संगठन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डा एम एस सिंह मानस ने प्रदान किया। मौके पर अरविंद सिंह ने कहा कि अमेरिका से आकर झारखंड में जरूरतमंदों के लिए आगे आना बडी बात है। वहीं सम्मान ग्रहण करने के उपरांत रंभा सिंह और कुमार अजय सिंह ने कहा की इस प्रतिष्ठित सम्मान से उनका हौसला बढ़ा है। मौकेपर अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन की ओर से प्रभा सिंह, मुदिता सिंह, सुषमा सिंह, कमलेश सिंह, सरोज सिंह, एडबोकेट दीपा सिंह, सुनंदा सिंह, माधवी सिंह, शशिप्रभा सिंह, पूर्णीमा सिंह, कंचन सिंह, प्रतिमा सिंह, प्राची सर्वप्रिय आदि उपस्थित थीं। समारोह की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ एम एस सिंह मानस ने की। स्वागत भाषण दिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय, आसनबनी की प्रिंसिपल लीना दास, संगठन और अतिथियों के विषय में ऐडवोकेट दीपा सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष सुनंदा सिंह ने किया।

### न्युवोको का न्युवो मेसन कौशल विकास शुरू



**जमशेदपुर।** भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने पानागढ़, पश्चिम बंगाल में असंगठित चिनाई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत ह्यनुवो मेसनह्य कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत 50 स्थानीय प्रतिभागियों को टाइल चिनाई में 300 घंटे का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसे राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एनएसक्यूएफ) के तहत संचालित किया जा रहा है। सफल समापन के बाद, प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जायेगा। यह पहल एमएनजी अकादमी के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को निर्माण उद्योग में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस संबंध में पानागढ़ सीमेंट प्लांट के प्लांट हेड पवन रॉयल ने कहा कि नूवो मेसन कौशल विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। असंगठित क्षेत्र के युवाओं और श्रमिकों को आवश्यक राजमिस्त्री कौशल देकर हमारा उद्देश्य वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। यह पहल उनकी तकनीकी क्षमताओं को आगे बढ़ाती है और आजीविका के रास्ते बनाती है, जो हमारे मूल्य, देखभाल को मूर्त रूप देती है।

### गंदगी से बजबजा रहा मानगो : विकास सिंह



**जमशेदपुर।** पूरे मानगों में जहां देखो गंदगी का अंबार लगा है क्योंकि कचरा उठाओ का कार्य पूरी तरह ठप है। पूर्व की तरह डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य लगभग सभी मोहल्ले में बंद है जिससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है बल्कि पूरा मानगो में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मानगो के हिल व्यू कॉलोनी में सप्ताह भर से ऊपर कचरा उठाओ का कार्य नहीं हो पाने के कारण पूरा हिल व्यू कॉलोनी में बदबू और गंदगी फैल रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत भाजपा नेता विकास सिंह को की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विकास ने संबंधित अधिकारियों को वीडियो और फोटोग्राफ भेज कर मानगो में व्याप्त गंदगी से अवगत कराया। विकास सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम के ऊपर मंत्री के गुर्गों और प्रतिनिधियों का दबदबा रहने के कारण मानगो नगर निगम के अधिकारी अपना कार्य नहीं कर पा रहे हैं। विकास सिंह ने कहा स्थिति अगर नहीं सुधरी तो नगर निगम के कार्यालय में ताला बंद करने के साथ-साथ गांधी मैदान में कचरा उठाने की गाड़ी जो मैदान का शोभा बढ़ा रही है उसके सभी टायरों का हवा निकाल कर ठप पड़ी व्यवस्था का संदेश देने का कार्य किया जायेगा।

### करीम सिटी कॉलेज में मना वार्षिक महोत्सव सतरंग




**जमशेदपुर।** आज करीम सिटी कॉलेज में सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर (स्पार्क) ने अपना बहुचर्चित सांस्कृतिक महोत्सव सतरंग-14वां प्रारंभ किया। कॉलेज ऑडिटोरियम में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र भारती (कुलसचिव, कोल्हान विश्वविद्यालय) और सम्माननीय अतिथि डॉ बीके सिंह (वित्त अधिकारी, कोल्हान विश्वविद्यालय) थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण किया तथा अपने विचारों से सभा को अवगत कराया। समारोह में कॉलेज के छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य और स्वागत गान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर दीपक कुमार द्वारा लाइव स्केचिंग भी की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ भारती तथा अतिथि डॉ सिंह ने सभा को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में खेल और कला का बड़ा महत्व है। खेलों से हमें व्यायाम एवं सामाजिकता प्राप्त होती है और कला हमारी भावनाओं को विकसित करती है। सतरंग के पहले दिन की शुरूआत अदाकारी से हुई जिसके निर्णायक मोहम्मद निजाम, ललन शर्मा, अबरार खान और निशान सिंह थे।

# समय पर नहीं आते हैं प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदाधिकारी व कर्मी, लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदाधिकारी से लेकर कार्यालय कर्मी तक ऑफिस खुलने के समय पर नहीं आते हैं। जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को 11 बजे तक न तो बीडीओ आये थे और न उनके कोई कर्मचारी। इसी तरह अंचल कार्यालय में भी 11 बजे तक न तो सीओ पहुंचे और न कोई राजस्व कर्मचारी ही पहुंचे थे। इस संबंध में मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म जमा कराने आये जोगिबिर गांव के आदिम अंसारी ने फॉर्म दिखाते हुए कहा कि उन्हें इसे जमा कर अपने खेतों में काम करने जाना था, लेकिन कर्मचारियों के कार्यालय के आगे 11 बजे भी ताला बंद है। जिसके कारण इंतजार करना पड़ रहा है। इसी तरह प्रखंड व अंचल कार्यालय में काम कराने आये कई अन्य ग्रामीणों ने समय पर किसी भी पदाधिकारी व कर्मचारी के नही आने की शिकायत की। यही नहीं शिक्षा विभाग का भी कोई पदाधिकारी व कर्मचारी 11 बजे तक नही आया था। बताया जाता है कि 11 बजे के बाद आने वालों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी ही नहीं बल्कि कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, बीपीओ, पीएम आवास कर्मी बाल विकास परियोजना, व शिक्षा विभाग सहितकई विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी नही पहुंचे थे। इधर 11:15 बजे पहुंचे जनसेवस्क सह प्रभारी कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत उपाध्याय से देर से आने का कारण पूछा गया तो उनके द्वारा पत्रकारों को ही फोटो वीडियो बनाया जाने लगा और उनके द्वारा उल्टा बहस भी किया गया। इस संबंध में सीओ ने बताया कि जिउतिया पर्व एवं वर्षा के कारण आज लेट हुआ। जबकि बीडीओ द्वारा बताया गया कि जिला में मीटिंग था। जिसमे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी परमानंद प्रसाद तथा ऑपरेटर वसीम अंसारी भी साथ थे। उन्होंने कहा कि सभी को ससमय कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है।


पदाधिकारी का इंतजार करते ग्रामीण।

## स्पीड न्यूज

### विधायक ने किया दो सड़कां का शिलान्यास


सड़क का शिलान्यास करते विधायक।

**मझिआंव।** स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने गुरुवार को 04 करोड़ 78 लाख रुपये से की लागत से 04.80 किलोमीटर तक बनने वाले दो सड़कों का पूजा कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इनमें मुखदेव $2 उच्च विद्यालय से तलसबरिया तक 02 करोड़ 40लाख 74 हजार रुपये की लागत से 02.70 किलोमीटर पथ सुधिकरण एवं तलसबरिया मोड़ से बूढ़ीखांड़ तक 02 करोड़ 37 लाख 52 हजार रुपये की लागत से 03.10 किलोमीटर तक बनने वाले सड़क का शिलान्यास किया गया। मौके पर संजय कमलापुरी, शिवकुमार सिंह, शवेंद्र पांडेय सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### डीपीआरओ नीरज कुमार ने किया पदभार ग्रहण


पदभार ग्रहण करते नीरज कुमार।

**गढ़वा।** नीरज कुमार (झा.नि.से.) ने गुरूवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुंचायी जायेगी। ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुंच सके। मौके पर जनसंपर्क विभाग के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आज

**रमना।** आगामी दशहरा पर्व में शांति व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को की जाएगी। इसकी जानकारी रमना थाना प्रभारी अनिमेष क्रांतिकारी ने इस क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं गणमान्य ग्रामीणों को सोशल मीडिया के माध्यम से दी। साथ ही क्षेत्र के सभी अनुज्ञप्तिधारी और गैर अनुज्ञप्तिधारी पूजा समिति के आयोजनकर्ताओ को पूजा के लिए लिखित सूचना शांति समिति में शामिल होकर पहले की किसी प्रकार की विवाद या घटना के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे इस बैठक में रखे। थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से थाना सभागार में शांति समिति बैठक का आयोजन किया जाएगा।

# सर्पदंश से मृत तीन बच्चों के घर पैदल पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## परिजनों को दिया चार-चार लाख रुपए का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने चिनियां प्रखंड के डोल पंचायत अंतर्गत चपकली गांव के नावानगर टोला में सर्पदंश से मृत तीन बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया। गुरूवार को मंत्री श्री ठाकुर चिनियां प्रखंड के अति दुर्गम सुदूरवर्ती नावानगर में पैदल चलकर मृतक बच्चों के परिजनों के घर पहुंचे। वहां मंत्री ने परिजनों का हाल-चाल लेते हुए उन्हें सांत्वना दी।

ज्ञात हो कि गत छह सितंबर को नावानगर निवासी बंधु कोरवा के पुत्र पन्ना लाल कोरवा, सूर्यदेव कोरवा की पुत्री बेबी कुमारी एवं श्रवण कोरवा का पुत्र रामलाल कोरवा की सर्पदंश से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर को यथाशीघ्र परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान करने का निर्देश दिया था। डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 दिनों के अंदर पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि प्रदान कर दिया। परिजनों को सांत्वना देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह बहुत ही बड़ी दुखद घटना है। वे हमेशा पीड़ित परिवारों के साथ हैं। भविष्य में भी उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस गांव में तत्काल सभी मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। साथ ही पीड़ित परिवार को अन्य सरकारी योजनाओ का लाभ दिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से रंका एसडीओ रूद्र प्रताप देव, चिनियां बीडीओ शिवपुजन तिवारी, सीओ सुनेश्वर यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मुखिया पति टुनी साव, जिपस बनारसी सिंह, देवीशरण सिंह, फरीद खां, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, कुंभकरण कोरवा, अंगद सिंह, रामसागर यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


मृत बच्चों के परिजनों को चेक देते मंत्री।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस


पौधरोपण करते लोग।

- सभी छात्राओं और अध्यापकों को फार्मासिस्ट की शपथ दिलाई गइ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के फामेर्सी संकाय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली, रंगोली, पोस्टर प्रेजेंटेशन, भाषण, गाना और फार्मा क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान फामेर्सी संकाय के सभी सदस्यों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। संकाय के अधिष्ठाता डॉ मनीष दुबे के मार्गदर्शन में संस्था के प्राध्यापक नेहा दुबे, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, महेश सिंह, आनंद गुप्ता, शशि भूषण, हिमांशु, अरुण, संपदा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। अंत में सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सभी छात्राओं और अध्यापकों को फार्मासिस्ट की शपथ दिलाई गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# गढ़वा के आठ खिलाड़ियों का 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

- तीन खिलाड़ी स्टैंड बाई में
- टेबल टेनिस संघ के लोगों ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस (एसजीएफआई) प्रतियोगिता के लिए राज्य टीम में गढ़वा जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन होने पर टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से टेबल टेनिस खेल का रांची में ओपन ट्रायल शिविर का आयोजन 25 सितंबर को किया गया था, ओपन ट्रायल शिविर में जिले के 11 खिलाड़ी शामिल हुए थे। ओपेन ट्रायल शिविर में गढ़वा जिला टेबल टेनिस के विद्यालय प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग हर्षित कुमार पांडेय, मयंक राज, सचिन कुमार (स्टेंड बाई) अंडर 17 बालिका वर्ग में अंजली कुमारी, बालक वर्ग में अनिमेष कुमार पांडेय, नितीश कुमार मेहता, अभिजित यादव और रौशन कुमार पाल, उज्जवल कुमार (स्टैंड बाई), अंडर 14 बालिका वर्ग में आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह (स्टैंड बाई) का चयन किया गया है। जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन एवं तीन खिलाड़ियों के स्टैंड बाई के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किए जाने पर संघ के पदाधिकारी सदस्य और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, विनोद कमलापुरी, नंदकुमार गुप्ता, सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, सिस्टर रौशना, संजय सिंह, प्रिंस सोनी, मुजीबुद्दीन खान, अशोक कुमार विश्वकर्मा, दुर्गेश कुमार दुबे, संजय सोनी, अमित सिंह, मिथिलेश सिंह, धनंजय तिवारी, उमेश यादव, अमोद कुमार पांडेय, अजय ठाकुर, संतोष, नवनीत शुक्ला, सुधीर पाठक, नवनीत शुक्ला, पंकज सोनी, ललन सोनी आदि का नाम शामिल है।


एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी।

# 34 जलाए गए झोपड़ियों के महादलितों से मिले पूर्व सांसद चंदन, मुआवजा दिलाने पर जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** नवादा के पूर्व सांसद चंदन सिंह गुरुवार को नवादा जिले के मुफस्सिल थाने के कृष्णानगर पहुंचकर झोपड़ी जलाए गए 34 महादलित परिवारों से मिले। जहां पूर्व से ही 34 महादलित परिवार उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। झोपड़ी जलने के शिकार महादलितों ने पूर्व सांसद चंदन सिंह का अथक प्रयास कर मुआवजा दिलाने के लिए आभार जताया। पूर्व सांसद चन्दन सिंह ने कहा कि झोपड़ी जलाए जाने की सूचना पर उसी दिन शीघ्र ही बिहार के मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से बात कर अपराधियों की गिरफ्तारी व झोपडी जलाने से बेघर हुए पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की थी। पूर्व सांसद के पहल पर ही सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन ने सभी पीड़ितों को मुआवजा के साथही बर्तन, कपड़े तथा मकान की छावनी देने के पैसे निर्गत कर दिए।



# पटना समेत आठ जिलों में मूसलाधार बारिश का अलट

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक गुरुवार को पटना सहित प्रदेश के आठ जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है और यह आगामी तीन दिनों तक बना रहेगा। पटना समेत पूर्वी व पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया व किशनगंज जिले में झोंके के साथ तेज हवा का प्रवाह व तेज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि के आसार है। भोजपुर, बक्सर, सारण, सिवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा , खगड़िया में भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में गर्जना, वज्रपात व हवा की गति 30-40 किमी प्रति घंटा रहने की संभावना जताई गई है।

# सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

एजेंसी

पूर्णिया। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को कुरसेला में कौशिकीपुर, सिमरा, नंदगोला, जंगल टोला, मोहनपुर समेत अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नाव से किया। इस दौरान उन्होंने जल प्लावित क्षेत्र का निरिक्षण कर स्थिति को बेहद भयावह बताया और सरकार से अविलंब कुरसेला, रुपौली, बायसी, बरारी और मनिहारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर राहत और बचाव के कार्यों में तेजी लाने की मांग की। हालाँकि नाव से दौरा करने के दौरान नाव वाले और अन्य लोगों के मना करने पर सांसद ने कहा कि मुझे दिखावे में रूचि नहीं है। जनता मुसीबत में ये मेरे लिए गंभीर मसला है और उन्हें इस तरह से नहीं छोड़ सकते।

इसके बाद सांसद ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के उपरांत कहा कि अभी तो सबसे ज्यादा जरुरी बाढ़ प्रभावित जनता के लिए युद्ध स्तर पर रहत कार्य एवं बचाव कार्य चलाने की है। इसके बाद सरकार को स्पर, बाँध और नदियों से गाद की सफाई पर कार्य करना चाहिए, क्योंकि अगर गाद मैनेजमेंट समय रहते नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में हालत और भयावह होने वाले हैं। पप्पू यादव ने बाढ़ की स्थित पर राज्य सरकार को घेरा और कहा कि जब सालों भर बाढ़ को रोकने के लिए बांध पर कार्य चलते हैं, फिर भी कटाव की स्थिति भयवाह क्यों है? उन्होंने कहा कि फ्लड फायटिंग और एंटी रोजन के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को पदाधिकारी और माफिया लोग लुटने का काम करते हैं, जिसकी वजह से इसका स्थायी निदान निकल नहीं पा रहा और जनता के पैसे की बबार्दी हो रही है। यह बंद होना चाहिए। क्योंकि सरकार के पैसे पर पहला हक जनता का ही है और आज जनता जब मुसीबत में हैं। तब भी खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कम्युनिटी किचन पर भी सवाल खड़े किये और कहा कि बाढ़ में फंसे लोगों तक खाना पहुंचाने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में कम्युनिटी किचन के नाम पर खानापूर्ति चल रही है, जबकि जहां हजारों की संख्या में लोग फंसे हैं, वहां 400 पैकट बांट कर बंदरबांट करवा रहे हैं यह चिंताजनक है। उन्होंने रुपौली प्रखंड के सीओ को अविलंब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राशन, दावा आदि जरूरत के सामान मुहैया कराने के निर्देश दिए।

सांसद पप्पू यादव को रुपौल प्रखंड में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात के दौरान लोगों ने बताया कि बारिश और आंधी के नाम पर बिजली विभाग वाले अक्सर 5-6 दिन तक बिजली काट देते हैं, जिससे उन्हें बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जूनियर इंजिनियर जनता का फोन नहीं उठते। लोगों की इस परेशानी को लेकर सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारी को भी फोन किया और जूनियर इंजिनियर को फटकार भी लगायी। कहा कि जनता को परेशान करना बंद करें और बिजली की आपूर्ति ससमय कराये।



## खबर एक नजर में

### डीईओ ने किया कई विद्यालय का औचक निरीक्षक, दिए आवश्यक निर्देश

**धुरकी।** गढ़वा जिला शिक्षा अधिकारी कैसर राजा ने गुरुवार को धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीरबल तथा खुटिया के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सूचना मिली थी कि बीरबल मध्य विद्यालय में कई ऐसे शिक्षक थे, जो अटेंडेंस बनाकर गायब हो जाते हैं। निरीक्षण करने पर उन्होंने पाया कि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अभी तक किसी भी शिक्षक को प्रभार नहीं दिए हैं। वहीं विद्यालय में कुछ कमियां भी पाई गई। जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने कड़ी हिदायत दी। साथ ही उन्होंने प्रधानाध्यापक के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं हाई स्कूल खुटिया के प्रधानाध्यापक लिखित रूप में सीएल नहीं था। लेकिन मौखिक रूप में था। वहीं बच्चों की उपस्थिती 50 पर्सेंट थी प्रोजेक्ट का अनुपालन ठीक ढंग से नहीं की जा रही थी। सूचना पट अभिलेख अपडेट नहीं थी। इस पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जिस विद्यालय तक पहुंचाने के लिए सड़क नहीं है, वह बहुत जल्द इसकी लिखित सूचना उपयुक्त महोदय को देंगे जिससे सड़क बनवाया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के तहत अध्यक्ष व संजोजिका का चयन जल्द कराया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में सुचारू रूप से पठन-पाठन कराना उद्देश्य होगा।

### बिहार राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का पूर्व उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन



**कटिहार।** जिले में बिहार राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विमल सिंह बेगानी, जिला खेल पदाधिकारी शादाब आलम, इनकम टैक्स कमिश्नर रिंकू सिंह, जयप्रकाश शर्मा, शिशिर कुमार सिंह, टूनार्मेंट आयोजन समिति के सचिव बबन कुमार झा, कोषाध्यक्ष आतिश कुमार शाह कोषाध्यक्ष सुनील राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप में बिहार प्रदेश से 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष विमल सिंह बेगानी ने बताया कि यह चैंपियनशिप चार दिनों तक चलेगी और इसमें विभिन्न आयु वर्गों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेशवर प्रसाद ने खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे अनुशासन बनाकर अच्छा खेल दिखाएं और बिहार का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खेल कूद के माध्यम से खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम कर रही है, इसलिए खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने का अवसर है। इस अवसर पर टूनार्मेंट आयोजन समिति के सचिव बबन कुमार झा ने आए हुए सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 29 सितंबर को किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में भाग ले रहे खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। यह चैंपियनशिप बिहार में खेल कूद के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जदयू के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए अशोक चौधरी



**पटना।** बिहार सरकार में जदयू कोटो से मंत्री अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। जदयू के महासचिव अफाक अहमद खान ने गुरुवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर जानकारी दी कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदेश पर अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्ति किया गया है। अशोक चौधरी को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने स्पष्ट संदेश दे दिए हैं कि पार्टी में अशोक चौधरी का कद और सीएम से उनके संबंध दोनों मजबूत हैं। जदयू में भी इशारे ही इशारे में कुछ नेताओं ने अशोक चौधरी पर निशाना साधा था। अब जदयू में उनका कद नीतीश कुमार ने बढ़ा दिया है। बताते चलें कि इससे पहले संजय झा को जदयू में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। कई अन्य लोगों को अहम जिम्मेवारी थमाई गयी जिसमें पार्टी में वापसी करने वाले श्याम रजक भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि अशोक चौधरी सीएम नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में एक हैं। बिहार सरकार में मंत्री पद उन्हें दिया गया है। अशोक चौधरी का पार्टी में कद बढ़ाए जाने के बाद अब तमाम अटकलों पर भी नीतीश कुमार ने विराम लगा दिया है।

### लोकसभा चुनाव परिणाम से राजद को खुश होने की जरूरत नहीं : कुशवाहा

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो )के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार की कुछ सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने ही राजग को हरा दिया अन्यथा परिणाम कुछ और होता इसलिए मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को खुश होने की जरूरत नहीं है। श्री कुशवाहा ने अपने बिहार यात्रा के दौरान गुरुवार को ओबरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सदस्यता महापर्व का उद्घाटन करने के बाद बड़ी संख्या में लोगों को रालोमो की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से राजद समेत पूरा विपक्ष खुशफहमी का शिकार हो गया है कि लोकसभा चुनाव में उनकी कुछ सीटों पर जीत हो गई है। लेकिन, हकीकत यह है कि लोकसभा चुनाव में राजग ने राजग को उन सीटों पर हरा दिया वरना परिणाम कुछ और होता।

## पेज एक का शेष

### जेएमएम का मतलब...

**सिंहासन बदलने का यही समय :** रक्षा मंत्री ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने पांच साल में झारखंड को लूट कर जर्जर बना दिया। ये लोग बालू से तेल निकालने में भी माहिर हैं। अब हेमंत सोरेन को सिंहासन से हटाने का समय आ गया है। परिवर्तन की बयार पूरे झारखंड में दिखाई दे रही है। सीएम प्रदेश का नेता होता है ऐसे में उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मयार्दा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। कहा कि विदेश जाकर वे लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। समारोह को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद ढुल लू महतो, विधायक राज सिन्हा ने भी संबोधित किया।

### असम में झारखंड...

केंद्र सरकार की कई योजनाएं जो विशेष रूप से एसटी के लिए बनायी गयी हैं, जैसे कि पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आदिवासी विकास सहकारी समितियां (टीडीसीएस) योजना और राष्ट्रीय आदिवासी स्वास्थ्य मिशन, चाय जनजातियों के लिए सुलभ नहीं हैं। असम में अनुसूचित जनजातियों के विकास के कार्यक्रम, जो अक्सर वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास और शैक्षिक अवसर प्रदान करते हैं, चाय जनजातियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। अपने पैतृक मातृभूमि से दूर रहने के कारण, इन जनजातियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**आर्थिक शोषण :** चाय बागान श्रमिकों के रूप में, इन आदिवासियों को शोषणकारी श्रम प्रथाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें कम मजदूरी, लंबे समय तक काम करना और असुरक्षित कार्य स्थितियां शामिल हैं। उनकी गैर-एसटी स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व और वकालत में बाधा डाल सकती है। इससे उनकी शिकायतों को दूर करने और अपने अधिकारों को सुरक्षित करने की उनकी क्षमता सीमित हो सकती है।

स्पीड न्यूज

## अलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। आलिया भट्ट और वेदांग रैना अभिनीत फिल्म जिगरा एक एक्शन से भरपूर कहानी है, जो जेल से भागने के इर्द-गिर्द घूमती है,जिसमें दिखाया गया है कि एक बहन अपने भाई की रक्षा के लिए किस हद तक जा सकती है।

## मानहानि में संजय राउत को 15 दिन की सजा

**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि के लिए दंड) के तहत दोषी ठहराया और उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## एल्विश यादव की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली।** इडी ने विवादित यूट्यूबर एल्विश यादव की संपत्ति जब्त किया है। ये संपत्तियां उत्तर प्रदेश और हरियाणा में स्थित हैं। सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने विवादित यूट्यूबर एल्विश यादव और फाजिलपुरिया की उत्तर प्रदेश और हरियाणा स्थित संपत्तियों को जब्त किया है।

## सीमाओं पर होंगे चार महायज्ञः शंकराचार्य

**मथुरा।** गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य अधोक्षजानंददेव तीर्थ ने कहा कि देश में सांस्कृतिक एव धार्मिकता को और सुदृढ करने, सीमाओं को सुरक्षित रखने और देश को हर दृष्टि से और शक्तिशाली बनाने के लिए चारो दिशा की सीमाओं पर चार महायज्ञ किये जाएंगे। असम के गुवाहटी में चातर्मास पूरा करने के बाद आदि शंकराचार्य आश्रम गोवर्धन पहुंचने पर जगद्गुरू ने पत्रकारों से कहा कि गुवाहटी में चातुर्मास के दौरान उन्होंने एक महायज्ञ किया था, जिसमे धमार्चार्यों तथा राजनेताओं ने भाग लिया था।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी को जमानत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## हिमाचल में दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का अभी कोई फैसला नहीः सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रेहड़ी-फहड़ी की दुकानों और भोजनालयों पर नेम प्लेट लगाने संबंध में शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। इसके बाद विक्रमादित्य सिंह बैकफुट पर आ गए हैं। एक दिन पहले विक्रमादित्य सिंह ने कहा था कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश के स्ट्रीट वेंडर्स को भी अपनी नेम प्लेट और आईडी लगानी होगी। शहरी मंत्री के बयान पर सुक्खू ने गुरुवार को एक स्पष्टीकरण जारी बताया कि अभी तक राज्य सरकार ने ऐसे किसी भी फैसले को अभी लागू नहीं किया है।

चुनावी दर्पणः झारखंड
जमशेदपुर पूर्वी सीट

# प्रत्याशी को लेकर टिकी हैं सबकी निगाहें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

▸▸ जदयू के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद एनडीए में खींचतान

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में राज्य के वीआईपी सीटों में से एक जमशेदपुर पूर्वी सीट पर सबकी निगाहे हैं। यह सीट परंपरागत रूप से बीजेपी की सीट मानी जाती है। राज्य गठन के बाद 2019 को छोड़ दें तो इस सीट पर बीजेपी की टिकट पर रघुवर दास जीतते रहे थे। 2019 में उन्हें उनके ही मंत्री रहे सरयू राय ने हरा दिया। फिलहाल यहां से सरयू राय विधायक हैं और वे अब नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में हैं। जेडीयू पहले ही ये एलान कर चुका है कि वह झारखंड में एनडीए फोल्डर में चुनाव लड़ेगा। ऐसे में माना ये जा रहा है कि जमशेदपुर पूर्वी जेडीयू के खाते में जाएगी और यहां से एक बार फिर सरयू राय चुनाव लड़ेंगे।

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट 2019 के चुनावों में उन सीटों में शामिल थी जिस पर सबकी निगाहें टिकी हुई थी। खास बात ये थी कि यहां से तात्कालिक सीएम रघुवर दास चुनाव लड़ रहे थे और उनके सामने थे बीजेपी से बगावत कर चुके सरयू राय। इस चुनाव में सरयू राय ने रघुवर दास को 15833 वोटों से हराया था। इसी चुनाव में जेवीएम के उम्मीदवार अभय सिंह को 11772 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के गौरव वल्लभ को 18976 वोट मिले थे।

राज्य के राजनीतिक गलियारों में जमशेदपुर पूर्वी सीट को लेकर अभी से ही बीजेपी और जदयू में खीचातान को लेकर चर्चा जोड़ों पर है। एक तरफ इस सीट से जहां सरयू राय के चुनाव लड़ने की चर्चा है। वहीं दूसरी ओर ये भी चर्चा है कि इस सीट पर रघुवर दास के बेटे या बहू भी चुनाव लड़ सकते हैं। इस स्थिति में बीजेपी को इस सीट पर फैसला लेने में मुश्किल खड़ी हो सकती है। वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष्य में बीजेपी को जदयू को नाराज करना आसान नहीं होगा। एक तरफ केंद्र में जदयू की मदद से सरकार चल रही है तो दूसरी तरफ सरयू राय से नीतीश के संबंध काफी बेहतर हैं। इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि रघुवर दास को खुद नीतीश कुमार ने जेडीयू की सदस्यता दिलाई थी। जमशेदपुर पूर्वी सीट क्योंकि उनकी विनिंग सीट है ऐसे में उस पर दावा भी मजबूत है। हालांकि अगर बीजेपी सरयू राय को जमशेदपुर पूर्वी की बजाय जमशेदपुर पश्चिमी से चुनाव लड़ने के लिए मना लें तो उनके लिए काफी आसानी हो जाएगी और वे दोनों नेताओं को संतुष्ट कर सकते हैं। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि 2019 में हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सरयू राय ने जमशेदपुर पूर्वी सीट पर 73945 मत प्राप्त कर तत्कालिन मुख्यमंत्री रघुवर दास को लगभग 15833 मतों से हराकर इस सीट पर कब्जा जमाया था। रघुवर दास को कुल 57112 मत मिले थे और वे दूसरे स्थान पर रहे थे। कांग्रेस प्रतयाशी गौरव बल्लभ को 18976 मत पर संतोष करना पड़ा था।




### कांग्रेस से डॉ अजय कुमार समेत कई दावेदार

एक तरफ जहां जमशेदपुर पूर्वी के लिए बीजेपी और जेडीयू में खींचतान का अनुमान लगाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस इस सीट पर खुद को मजबूत कर रही है। कांग्रेस की तरफ से डॉ अजय कुमार इस सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। उन्होंने कई बार ये कहा भी है कि अगर पार्टी उन्हें मौका देती है तो वे इस सीट से चुनाव जरूर लड़ेंगे। अजय कुमार कांग्रेस के बड़े चेहरों में से एक माने जाते हैं। 2011 में ये राजनीति में आए। इन्होंने बीजेपी के प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद होस्वामी को हराया था और सांसद बने थे। हालांकि इस सीट से कांग्रेस के ही अशोक चौधरी, रामाश्रय प्रसाद, रघुनाथ पांडे, विजय खान और आनंद बिहारी दुबे जैसे कई नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है।

### लगातार पांच बार जीते थे रघुवर दास

जमशेदपुर पूर्वी सीट ज्यादातर बीजेपी के ही कब्जे में रही है। यहां से रघुवर दास ने लगातार पांच बार जीत कर बीजेपी की झोली में इस सीट को दी है। यहां से रघुवर दास ने 1995 से लेकर 2014 तक जीत हासिल की। 2014 में उन्होंने 1 लाख तीन हजार 418 वोटों से जीत हासिल की थी। इसके अलावा रघुवर दास झारखंड के एक मात्र सीएम हैं जिन्होंने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।



**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| सरयू राय | निर्दलीय | 73945 |
| रघुवर दास | भाजपा | 57112 |
| गौरव वल्लभ | कांग्रेस | 18976 |

**2014 का परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| रघुवर दास | भाजपा | 103427 |
| आनंद बिहारी दुबे | कांग्रेस | 33270 |
| अभय सिंह | झाविमो | 20815 |

**2009 का परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| रघुवर दास | भाजपा | 56165 |
| अभय सिंह | झाविमो | 33202 |
| आनंद बिहारी दुबे | निर्दलीय | 10944 |

**2005 का परिणाम**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| रघुवर दास | भाजपा | 65116 |
| रामाश्रय प्रसाद | कांग्रेस | 46718 |
| इंद्रजीत सिंह कालरा | राजद | 2867 |



# राष्ट्रपति ने सियाचिन में जांबाज जवानों के जज्बे की प्रशंसा की

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की। द्रौपदी मुमू ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं। सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

# इजरायल ने हिजबुल्लाह के ड्रोन कमांडर को उड़ाया

### बेरूत के एक अपार्टमेंट में छिपकर रह रहा था मुहम्मद सरूर

**एजेंसी**

▸▸ आइडीएफ ने तीन अलग अलग मिसाइलों से इमारत पर किया हमला, चार की मौत और कई घायल

तेल अवीव। इजरायल ने गुरुवार को एक बार फिर लेबनान की राजधानी बेरूत पर सटीक हमले किए हैं। इजरायल के आर्मी रेडियो के अनुसार, हमले में हिजबुल्लाह के ड्रोन यूनिट के प्रमुख मुहम्मद सरूर को निशाना बनाया गया है। माना जा रहा है कि इस हमले में मुहम्मद सरूर मारा गया है। यह हमला बेरूत के दहिह में एक बहुमंजिला इमारत की खास मंजिल पर किया गया है। इजरायल का कहना है कि इस जगह पर हिजबुल्लाह का ड्रोन कमांडर छिपकर रह रहा था।

आर्मी रेडियो ने कहा है कि हमला सफल माना जा रहा है। लेबनान के हिजबुल्लाह से जुड़े समाचार आउटलेट अल मायादीन ने दावा किया कि हमले में चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के मीडिया ने बताया कि इमारत पर तीन अलग-अलग मिसाइलों ने हमला किया गया। दहिह लेबनान की राजधानी बेरूत का दक्षिणी उपनगर है, जो लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के गढ़ के रूप में जाना जाता है।

**इजरायल ने लेबनान के कई इलाकों में किए हमले :** हमलों की रिपोर्ट के बाद, उत्तरी गोलान हाइट्स में ओडेम और एल रोम के इजरायली इलाकों में रॉकेट सायरन बजने लगे। बाद में आईडीएफ ने सायरन को गलत अलार्म के रूप में पहचाना।


आईडीएफ ने बेरूत पर हमले की की पुष्टि दोपहर 3:13 बजे की। शाम 4:00 बजे, हिजबुल्लाह ने घोषणा की कि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के अलावा, 3:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच, इजरायल ने लेबनान के इलाकों ऐता अल-जबल, तौल, शाहौर, हौमिन अल-फौका, महरौना, काना, ऐनाथा, अल-तैरी, अंसारिया-अदलून क्षेत्र, तैबेह, अमार्टा, मजदल सिलम, अल-जुमैजमा, जबल अल-रेहान हाइट्स, मशघरा और शकरा में हमला किया। इजरायल के हमले के तुरंत बाद ऊपरी गलील में सफेद सहित इजरायली इलाकों में और रॉकेट सायरन बजने लगे। इजरायल की आपातकालीन चिकित्सा सेवा, मैगन डेविड एडोम ने कहा कि उत्तर में सायरन बजने के बाद, अब तक किसी रॉकेट हमले की सूचना नहीं मिली है।



### भारतीय नागरिक जल्द छोड़ें लेबनान

**बेरुत।** भारतीय दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द लेबनान छोड़ने की सलाह दी है। इसके अलावा भारतीय नागरिकों से अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की अपील की गई है। लेबनान पर जारी इजरायली हमले के बीच भारतीय दूतावास ने यह एडवाइजरी जारी की है।

## आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगाः शाह



**उधमपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नयी दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। श्री शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी। शाह ने कहा कि फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी।

# वसुंधरा राजे बन सकती हैं भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकती हैं। बताया जा रहा है कि वसुंधरा राजे का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए संघ की पहली पसंद बना हुआ है। इस खबर के बाहर आने के बाद से वसुंधरा राजे खेमे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की अग्रिम बधाइयां भी वसुंधरा राजे को सोशल मीडिया पर मिलने लगी है। वसुंधरा राजे के अलावा संघ की तरफ से संजय जोशी का नाम रखा गया था। हालांकि यह बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से शिवराज सिंह चौहान के नाम को आगे किया गया है। लेकिन संघ सिर्फ वसुंधरा राजे के नाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त नाम मान रहा है। वसुंधरा राजे राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रही चुकी हैं।

### संघ की पहली पसंद



साल 2003 से 2008 तक और साल 2013 से 2018 तक वह राजस्थान की सीएम रहीं। केंद्र में भी वसुंधरा राजे ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं, फिलहाल वह बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर हैं। ऐसे में अगर उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वसुंधरा राजे का यहां पर प्रमोशन होगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष से वह अध्यक्ष बनेंगी।

## पहली अक्टूबर से अनचाहे मैसेज व गलत लिंक पर रोक

**नयी दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) 1 अक्टूबर से फोन मैसेज में यूआरएल से संबंधित अपने निदेर्शों को लागू करने जा रहा है। इसका मतलब है कि अब मैसेज में केवल अनुमति प्राप्त प्रेषक ही यूआरएल, एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट), या ओटीटी (ओवर द टॉप) लिंक भेज पायेंगे। ट्राई की इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित संचार प्रणाली को बढ़ावा देना है ताकि उपभोक्ताओं को गलत और अनचाहे लिंक संदेशों से बचाया जा सके। ट्राई ने 20 अगस्त को सभी एक्सेस प्रदाताओं को श्वेत सूची के बाहर यूआरएल, एपीके या ओटीटी लिंक वाले किसी भी ट्रैफि क को ब्लॉक करने का निर्देश दिया गया था। ट्राई ने ट्राई पंजीकृत प्रेषकों को यूआरएल वाले एसएमएस ट्रैफिक के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए अपने श्वेतसूची वाले लिंक को संबंधित एक्सेस प्रदाताओं के पोर्टल पर तुरंत अपलोड करने की सलाह दी है। अब तक 3 हजार से अधिक पंजीकृत प्रेषकों ने 70 हजार से अधिक लिंक को श्वेतसूची में डालकर निर्देश का अनुपालन किया है।

# शेयर बाजार ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड

### सेंसेक्स 666 अंक छलांग लगाकर 85,836 पर पहुंचा और निफ्टी 211 अंक उछला

**एजेंसी**

**मुंबई।** चीन से आक्रामक आर्थिक प्रोत्साहन के संकेत और कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट की बदौलत विश्व बाजार की जबरदस्त तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऑटो, धातु, कमोडिटीज और एफएमसीजी समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार ने फिर से नया रिकॉर्ड कायम किया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 666.25 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 85,836.12 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 211.90 अंक यानी 0.81 प्रतिशत उछलकर 26,216.05 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 0.01 प्रतिशत फिसलकर 49,349.41 अंक और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत गिरकर 57,051.96 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4082 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2293 में तेजी जबकि 1686 में गिरावट रही वहीं 103 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियां हरे जबकि अन्य नौ लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के 13 समूहों में लिवाली हुई। इससे ऑटो 2.23, धातु 2.08, कमोडिटीज 1.32, सीडी 0.75, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.84, वित्तीय सेवाएं 0.55, आईटी 0.39, बैंकिंग 0.54, तेल एवं गैस 0.37, रियल्टी 0.12, टेक 0.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.64 प्रतिशत चढ़ गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 1.17, जापान का निक्केई 2.79, हांगकांग का हैंगसेंग 4.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 3.61 प्रतिशत उछल गया।







